卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः । आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम् ।
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् । वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये ।

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 82 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शुक्रवार ♦29 दिसम्बर 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in

# हल्द्वानी में अतिक्रमण पर गरजा पीला पंजा

## सिंधी चौराहे से मंगल पड़ाव तक चलाया अभियान,भारी विरोध के बीच दर्जनों अतिक्रमण किये ध्वस्त








हल्द्वानी (उद संवाददाता)। प्रशासनिक एवं नगर निगम की टीम द्वारा आज भारी पुलिस बल विभागीय टीम के साथ मुख्य चौराहा के चौड़ीकरण किये जाने की कवायद में सिंधी चौराहा से अतिक्रमण हटाओ अभियान शुरू किया गया। इस दौरान अनेक दुकानदारों द्वारा विरोध भी किया गया लेकिन टीम में शामिल किसी भी अधिकारी ने उनकी एक नहीं सुनी और नाली के ऊपर और उसके आगे किये गया सभी कच्चे पक्के अतिक्रमण को जेसीबी मशीन से ध्वस्त कर दिया। जिला प्रशासन और नगर निगम ने चौराहे चौड़ीकरण किए जाने के लिए अतिक्रमण हटाओ अभियान आज से शुरू कर दिया है। आज सिंधी चौराहे से अतिक्रमण हटाओ अभियान की शुरुआत हुई। सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह, नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय, सहायक नगर आयुक्त गणेश भट्ट, एएसपी हरबंस सिंह, कोतवाल उमेश मलिक की अगुवाई में भारी संख्या में पुलिस बल तथा विभागीय अधिकारी व कर्मचारी सिंधी चौराहा पहुंचे। टीम के पहुंचते ही व्यापारियों में हड़कम्प मच गया और वह दुकान के आगे फैलाये गये अपना सामान समेटने लगे। टीम ने सड़क के दोनों ओर नाली के ऊपर तथा(शेष पेज सात पर)

## ठेली कारोबारियों ने जतायी खुशी

हल्द्वानी। फल ठेली एसोसिएशन के अध्यक्ष रूपेन्द्र नागर ने प्रशासन द्वारा चलाये गये अतिक्रमण हटाओ अभियान पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि मुख्य मार्गों का चौड़ीकरण किया जाना आवश्यक हो गया है। अतिक्रमण हटने से स्थानीय लोगो के साथ ही बाहर से आने वाले पर्यटकों को भी काफी राहत मिलेगी। लेकिन इसकी आड़ में यदि लघु व्यपारियों का उत्पीड़न किया गया तो वह इसका विरोध करेंगें।

## रेशमबाड़ी में युवक की संदिग्ध मौत



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत रात्रि मौहल्ला रेशमबाड़ी दूधिया नगर में संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक की मौत हो गई। परिजन उसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले गये जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित किया। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार मौहल्ला रेशमबाड़ी दूधियानगर निवासी 19 वर्षीय अभिषेक चन्द्रा को गत रात्रि गंभीर अवस्था में उपचार के लिए परिजन जिला चिकित्सालय ले गये। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित किय। इधर परिजनों का कहना है कि मृतक अभिषेक माह नवम्बर में केमरी के पास हुई दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसका कई माह उपचार भी चला। लेकिन दिमाग में गहरी चोट होने के कारण वह मानसिक रूप से कमजोर हो गया था। उनका कहना है कि गत रात्रि वह सीढ़ियों से गिरकर घायल हो गया। जिस पर उसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले गये। जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। इधर पुलिस ने सूचना मिलने पर जिला चिकित्सालय पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लिया ।(शेष पेज सात पर)

## शॉप में लगी भीषण आग, दुकानदार की मौत




बागेश्वर (उदसंवाददाता)। जनपद के विकास भवन रोड में एक स्टेशनरी की दुकान में आग लग गई, वहां मौजूद दुकानदार की संदिग्ध प्रस्थितियों में दुकान के अंदर झुलस कर मौत हुई है। 112 आपातकालीन कॉल सूचना पर फायर ब्रिगेड और कोतवाली की टीम मौके पर पहुंची। कोतवाली बागेश्वर द्वारा बताया गया कि दुकान में आग से झुलस कर एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई है। शव को जिला अस्पताल भिजवा दिया गया है। घटना देर रात्रि की बताई जा रही है। परिजनों में हड़कंप मचा हुआ है। कोतवाली पुलिस ने शव रिकवर कर जिला अस्पताल पहुंचाया और शव को मोरचरी में रखा गया है। पोस्टमार्टम अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

## 1101 बाईकों के साथ निकलेगी ऐतिहासिक रैली



गदरपुर(उद संवाददाता)। नगर के एक होटल में क्षेत्रीय विधायक अरविंद पांडेय ने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर नगर की सबसे ऐतिहासिक बाइक रैली 4 जनवरी को निकालने व मिशन 2024 में मोदी के हाथों को मजबूत करने की बात कही। बाइक रैली की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी को भाजयुमो मण्डल अध्यक्ष मुनि भुसरी को सौपी गई। जिसमें भाजयुमो के बैनर तले इस भव्य बाइक रैली का आयोजन किया जाएगा।इस से पूर्व भी भाजयुमो के बैनर तले बाइक रैली निकाली जा चुकी है लेकिन उस बाइक रैली ने क्षेत्रीय जनता पर कोई खास असर नही छोड़ा और सिर्फ सोशल मीडिया पर ही सिमट के रह गई। ऐसे में मिशन 2024 के मद्देनजर भाजयुमो मण्डल अध्यक्ष मुनि भुसरी द्वारा अब बाइक रैली निकालने के लिए क्षेत्रीय विधायक(शेष पेज सात पर)

**रस्म पगड़ी**



बड़े दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारी माता जी **श्रीमति रामदेवी धर्मपत्नी स्व० आसू राम जी** का आकस्मिक निधन कल 28.12.2023 को हो गया है। जिनकी आत्मिक शांति के लिये **रस्मपगड़ी दिनांक 30.12.2023** को दिन शनिवार को दोपहर 2 से 3 बजे तक पांच मन्दिर,रूद्रपुर में सम्पन्न होगी।

**दुखित परिवार**

वीना अरोरा-जवाहर लाल अरोरा (पुत्री-दामाद)
सरिता-श्री कृष्ण माटा (पुत्री-दामाद)
एवं समस्त श्रीधर व टुटेजा परिवार

राजकुमार श्रीधर-बबीता (पुत्र-पुत्रवधू)
संजय श्रीधर-सोनिया (पुत्र-पुत्रवधू)
निज निवास-RHONE E/304
ओमेक्स रिवेरा,रूद्रपुर

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur



# पर्यटकों की सुरक्षा के लिए प्रभावी ट्रैकिंग पॉलिसी एवं एसओपी बनाने के दिए निर्देश

## एसीएस ने घने कोहरे के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को लेकर ट्रैफिक, पुलिस एवं फायर डिपार्टमेंट को दिए निर्देश



देहरादून(उद संवाददाता)। अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने गुरूवार को सचिवालय में शीत लहर के सम्बन्ध में राज्य में ट्रैकिंग के लिए आने वाले पर्यटकों की पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था को लेकर समीक्षा बैठक ली। एसीएस ने उत्तराखण्ड में ट्रैकिंग एजेंसियों व कम्पनियों के रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था को पुख्ता करने तथा तत्काल एक प्रभावी ट्रैकिंग पॉलिसी एवं एसओपी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने घने कोहरे के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को लेकर ट्रैफिक, पुलिस विभाग एवं फायर डिपार्टमेंट को सभी तैयारियां पूरी करने तथा जरूरतमंदों की मदद के लिए दान हेतु एक पोर्टल बनाने के भी निर्देश दिए।एसीएस ने कहा कि समय पर ट्रैकिंग एसओपी प्रभावी न होने की दशा में प्रदेश में आने वाले ट्रैकर्स की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही की घटना के लिए वन विभाग को सीधे तौर पर उत्तरदायी ठहराया जाएगा एवं कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने डीएफओ को ट्रैकिंग के लिए आने वाले पर्यटकों की जानकारी जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग के साथ साझा करने एवं जिलाधिकारियों को डीएफओ, पर्यटन विभाग तथा ईको टूरिज्म से समन्वय करने के निर्देश दिए। उन्होंने एसओपी के साथ ही ट्रैकर्स के लिए पुख्ता सुरक्षा मापदण्ड, बीमा, प्रशिक्षित गाइड्स, स्नो इक्विपमेंट्स, हेल्थ सर्टिफिकेट, बेसिक मेडिसिन की तत्काल व्यवस्था को लागू करने के निर्देश दिए। वहीं अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं के क्रियान्वयन को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए त्वरित कार्यवाही एवं प्रक्रियाओं के सरलीकरण पर बल देते हुए सभी विभागों को घोषणाओं के क्रियान्वयन/पूर्ति की अद्यतन स्थिति घोषणा पोर्टल पर अपडेट करने के निर्देश दिए। सचिवालय में मा० मुख्यमंत्री जी द्वारा विधान सभा क्षेत्र चम्पावत हेतु की गई घोषणाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा के दौरान श्रीमती रतूड़ी ने लोक निर्माण विभाग, शहरी विकास, पर्यटन, विद्यालयी शिक्षा इत्यादि विभागों के तहत की गई घोषणाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में अपर मुख्य सचिव ने औद्योगिक विभाग को बनबसा एवं आसपास के स्थानों पर सिडकुल निर्माण, सैनिक कल्याण विभाग को बनबसा में सैनिक स्मारक निर्माण, खेल विभाग को बनबसा में स्टेडियम निर्माण जैसी विभिन्न महत्वपूर्ण घोषणाओं की गतिमान कार्यवाही को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में सचिव श्री शैलेश बगौली, डॉ० रंजीत कुमार सिन्हा सहित विभिन्न विभागों के उच्च अधिकारी मौजूद रहे।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया गौशाला का निरीक्षण



खटीमा(उद संवाददाता)। आज भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद जोशी के नेतृत्व में दिया ग्राम में स्थित मां कामधेनु वात्सल्य सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा संचालित जा रही गौशाला का निरीक्षण किया। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश जोशी को ट्रस्ट के अध्यक्ष लीलाधर दत्त भट्ट द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि लगभग 1153 गोवंशु सेवा के लिए गौशाला में रखा गया है, जहां पर गोवंशों के लिए हर जाने की व्यवस्था एवं आने की समुचित व्यवस्था की गई है जल्दी टीम सेट का निर्माण कार्य कराया जाएगा, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की दिशा निर्देश अनुसार और अधिक को वर्षों के लिए टीन शेड का निर्माण कार्य कराया योजना प्रस्तावित है, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश जोशी ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी क्षेत्र की गौशाला का उद्घाटन करने का टाइम पहुंचेंगे उससे पहले सभी संबंधित विभाग में जिनके द्वारा निर्माण कार्य किए जाने हैं वह अपना कार्य पूर्ण कर लेंगे जिसको मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा निर्देशित किया जा चुका है, इस अवसर पर नगर मंडल अध्यक्ष जीवन धामी महामंत्री मनोज वाधवा परिषद के अध्यक्ष दान सिंह राणा भाजपा नेता भवानी भंडारी राहुल सक्सेना मेहताब राजा ललित जोशी मोजूद थे।

# स्मैक के साथ युवक गिरफ्तार

हल्द्वानी। पुलिस ने स्मैक के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया गया। बनभूलपुरा पुलिस बरेली रोड में दानिश के बगीचे के पास चौकिंग कर रही थी। जब पुलिस टीम ओएसिस बार के पास स्कूटी में सवार युवक संदिग्ध हालत में खड़ा दिखा दिया। पुलिस को देखकर वह सकपका उठा और स्कूटी मोड़ने का प्रयास करने लगा जिस पर पुलिस ने उसे धर दबोचा। उसकी तलाशी लेने पर उसके पास से १०.४० गाम स्मैक बरामद हुई। पूछताछ में पकड़े गए युवक ने अपना नाम दानिश अंसारी उर्फ बिल्ला पुत्र स्व. तौफीक अंसारी निवासी मलिक का बगीचा पानी की टंकी के पास वनभूलपुरा बताया। पुलिस नपे आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया।

# बदमाशों ने होटल कर्मी से मोबाईल झपटा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प क्षेत्र में बढ़ती आपराधिक घटनायें लोगों के लिए चिंता का विषय बन चुका है। आये दिन लोगों को निशाना बनाकर झपटमारी की जा रही है। थाने में दर्जनों पुलिस कर्मियों की तैनाती होने के बावजूद भी अपराधियों पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। गत रात्रि शिव नगर के पास बाईक सवार अज्ञात बदमाशों ने होटल से काम कर घर वापस लौट रहे युवक के हाथ से मोबाईल झपट लिया और फरार हो गये। मामले की जानकारी पुलिस को दे दी गई है। प्रशांत शुक्ला पुत्र संजय शुक्ला ने बताया कि वह नवरंग होटल में काम करता है। गत रात्रि वह काम समाप्त कर घर वापस लौट रहा था कि मार्ग में शिवनगर के पास बाईक सवार दो युवक उसके पास आये और उसके हाथ से मोबाईल झपट कर फरार हो गये।

# विदेश में नौकरी के लिए क्रेजी युवा हो रहे हैं ठगी के शिकार

**-रूपल अग्रवाल-**




सितारगंज। सितारगंज के कुछ शिक्षण संस्थान कर रहे हैं कबूतर बाजी प्रशासन है मौन। विदेश भेजने के नाम पर ठगी करने वालों का गढ़ बना सितारगंज। एडवरटाइजिंग में मोटी कमाई का झांसा देकर लूट रहे खून पसीने की कमाई। उत्तराखंड तराई का नगर सितारगंज विदेश भेजने के नाम पर ठगी करने वालों का गढ़ बन गया है। इनके जंजाल में फंसकर तमाम लोग अपनी लाखों की खून पसीने की कमाई गंवा चुके हैं। पुलिस प्रशासन भी फर्जीवाड़े में लिप्त ऐसे संस्थानों के खिलाफ सख्ती से कोई एक्शन नहीं ले पा रहा है। पिछले कुछ समय से युवाओं में विदेश में नौकरी और पढ़ाई के लिए जाने का क्रेज लगातार बढ़ा हैं। अंग्रेजी माध्यम के बड़े बड़े स्कूलों में पढ़ने वाले अधिकांश युवा इंटरमीडिएट की पढ़ाई के बाद विदेश में जाने को आतुर हैं। इसी का फायदा विदेश भेजने के नाम पर ठगी करने वाले कई संस्थान उठा रहे हैं। उधम सिंह नगर में बीते कुछ वर्षो में बड़ी संख्या में युवा विदेश में नौकरी और पढ़ाई के लिए गये हैं लेकिन कई युवाओं का सपना शातिर ठगों की वजह से पूरा नहीं हो पाया है। हाल ही के वर्षों में विदेश भेजने के नाम पर ठगी के कई मामले जनपद में सामने आ चुके हैं। ऐसे मामलों में पुलिस भी कोई खास कार्रवाई नहीं कर पा रही विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी के अधिकांश मामले न्यायालय की शरण लेने के बाद ही दर्ज हो पाते हैं। ठगी के मामलों में सीधे पुलिस के पास जाने वाले अधिकांश लोगों को निराशा ही हाथ लगती है। मजबूर होकर पीड़ित को न्यायालय की शरण लेनी पड़ती है। इसके बाद न्यायालय के चक्कर लगाने को मजबूर होना पड़ता है।

# चोरी का खुलासा करने पर किया सम्मानित



गूलरभोज(उद संवाददाता)। पीके टेलीकॉम प्रमोद कुमार मोबाइल की दुकान और किराने की दुकान से चोरी का खुलासा करने पर चौकी इंचार्ज राकेश कठायत, लक्ष्मण सिंह रघुवर सिंह रावत दीपक जोशी अमन कुमार सहित पुलिस कर्मियों को सम्मानित किया गया इस अवसर पर व्यापार मंडल अध्यक्ष डॉ कुलदीप रघुवंशी हरीश छाबड़ा संजीव भटेजा गुरमेल सिंह सतीश चुग भूपेंद्र आर्य अमित कुमार गुप्ता रामकिशन दाहूजा महेंद्र पानू विजय गुंबर संचित सिडाना जगदीश गुंबर संजीव कुमार गुप्ता गोविंद राजभर आदि व्यापारी उपस्थित थे।

# कृषि लोन में स्टाम्प शुल्क कम करने की मांग



शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड में कृषि लोन में स्टाम्प शुल्क कम करने की मांग को लेकर पूर्व जिला पंचायत सदस्य तारक मण्डल ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को प्रार्थना पत्र सौपा। दिये गये ज्ञापन मे कहा उन्होंने कहा है कि उत्तराखण्ड में किसानो को बैंक से लोन लेने पर प्रत्येक एक लाख रुपये पर सात प्रतिशत स्टाम्प शुल्क अधिकतम दस हजार तक शुल्क जमा करना पड़ रहा है। जबकि पहले स्टाम्प शुल्क तीन लाख लोन देने पर शुल्क शून्य था व अपने बैंक मानक के आधार पर लिया जाता था। लेकिन अब शुल्क में अतिरिक्त वृद्धि की गयी है। जबकि उत्तर प्रदेश में तीन लाख रूपये के कृषि लोन पर स्टाम्प शुल्क शून्य है । राज्य में यह किसानो के साथ बहुत ही अन्याय है। किसान लोन लेने में परेशानियां उठा रहा है। उक्त शुल्क को पूर्ववत रखा जाये। ज्ञापन देने वालों मे फनिंद्र मण्डल, श्यामल, रविन्द्र मण्डल, मनोरंजन मण्डल, अनंत गाइन, हरिपद मण्डल, तारक मण्डल आदि शामिल थे।

# बिजनेस पार्टनर पर लाखों रूपए हड़पने का आरोप

हल्द्वानी। बिजनसे पार्टनर पर लाखों की धोखधड़ी का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की गई है। इस संबंध में पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस को दी तहरीर में चांदनी चौक घुड़दौड़ा निवासी रविन्द्र कुमार पुत्र जगदीश चंद्र ने कहा है कि उसने अपने व्यावसायिक संबंधी यशपाल आर्या पुत्र गोपाल राम निवासी देवला तल्ला पजाया ने उससे ९ लाख ६५ हजार रूपए लिए थे। यशपाल ने बताया थ कि उसे पैसों की सख्त आवश्यकता है। इस संबंध में ५ अक्टूबर २०२१ को ई-स्टाम्प पर इकरारनामा भी हुआ था जिसमें गवाह भी थे। दोनों पक्षों के बीच हुए इकरारनामे के मुताबिक यशपाल ने दो चेक उसे दिए थे और भरोसा दिलाया था कि ६ माह के बाद उसकी रकम उसे वापस अदा कर देगा। अगर किसी कारण से रकम अदा नहीं कर पाने के कारण उसे दो माह का अतिरिक्त समय दिया जाएगा। जब उसने समयावधि पूर्ण होने पर चेक बैंक में लगाया तो चेक को बैंक ने अनयूजेबिल बताते हुए भुगतान करने से इंकार कर दिया। पीड़ित यशपाल से संपर्क किया तो उसे शाखा प्रबंधक से मिलने की बात कही। जब वह शाखा प्रबंधक से मिला तो पता चला कि यशपाल ने अपनी चेक बुक कैंसिल करवा दी है। जब उसने यशपाल आर्या से संपर्क तो उसने रकम लौटाने से इंकार कर दिया। पीड़ित ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

# पत्नी से छेड़छाड़ और गाली गलौज करने का आरोप

हल्द्वानी।एक व्यक्ति ने पत्नी के साथ छेड़छाड़, गाली गलौज करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। मुखा निवासी अनीस अहमद पुत्र स्व. लई अहमद ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि वह अपनी चांदनी के फतेहपुर से स्कूटी पर सवार महिला अस्पताल जा रहा था। तभी स्कूटी पर सवार दो युवक उसकी पत्नी को देखकर छेड़छाड़ और गाली गलौज करने लगे और वहां से भाग गए। जिस पर उनका पीछा करने पर उन्हें मुखानी चौराहे के पास पकड़ लिया। जब उसने गाली गलौज करने का विरोध किया तो उन्हें मारपीट शुरू कर दी। मारपीट होती देख लोगों ने दोनों युवकों को पकड़ लिया। दोनों युवकों में रजत मेहता और सास्वत सिंह पुत्र हेमन्त कुमार मेहता निवासी लोहरियासाल तल्ला कठघरिया शामिल हैं। पीड़ित ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

# शीत लहर प्रारंभ होने पर नगर वासियों ने की अलाव की मांग

सितारगंज(उद संवाददाता)। नगर में शीतलहर के प्रभाव को बढ़ाते हुए देख अलाव की आवश्यकता महसूस की जाने लगी है। जिसके चलते नगर वासियों ने नगर पालिका अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन सौंप कर नगर के मुख्य चौराहों व सामाजिक स्थलों पर अलाव की व्यवस्था करवाने की मांग की है। उन्होंने कहा अलाव की व्यवस्था हो जाने से रात्रि में जो लोग दूर दराज क्षेत्रों से नगर में आते हैं उन्हें व बेघर और बेसरा लोगों को शीत लहर से बचने की एक सुविधा मिलेगी। और रात्रि में गस्त लगाने वाले चौकीदार व पुलिस कर्मी भी शीतलहर के प्रकोप से बचने के लिए अलाव का सहारा ले सकते हैं। वहीं अधिशासी अधिकारी प्रियंका आर्य ने अलाव की व्यवस्था कराने के लिए कर्मचारियों को निर्देशित किया।ज्ञापन देने वालों में समाज सेवी तजिंदर सिंह माटा, हरी ओम,विजय कुमार,मोनू देवल,राम स्वरूप देवल,राजेश जोशी, अनिल कुमार,मनोज,राजेश आदि मौजूद रहे।



रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बड़े पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रूद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

## चोरों ने सरकारी स्कूल को बनाया निशाना

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अज्ञात चोरों ने ट्रांजिट कैंप थाने से कुछ ही दूरी पर स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय को निशाना बनाकर चोरी कर ली। मामले की सूचना पुलिस को दे दी गई है। विद्यालय की प्रभारी प्रधानाचार्या ने बताया कि विगत रात अज्ञात चोरो ने विद्यालय परिसर की चाहर दीवारी को लाध कर विद्यालय में चल रहे मरम्मत कार्य के सामान लोहे को पन्ने, जाली, आदि चोरी करके ले गये। उनका कहना है कि इससे पूर्व भी विद्यालय में टायलेट का दरवाजा, चौन, आदि तोड़कर सरकारी समाति को नुकसान पहुंचाया गया है। पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

सूचना संबंध विच्छेद

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी सगी बहिन भारती दुस्सा पत्नी राकेश कुमार दुस्सा (पुत्री हरबंश लाल सिडाना) एवं उसके पति तथा पुत्रगण विक्की दुस्सा व रोहित दुस्सा आदि का व्यवहार मेरे साथ और मेरी माताजी श्रीमती किरन बाला के साथ ठीक नहीं है। आये दिन उक्त लोगों द्वारा हमारे साथ अपमानजनक व्यवहार किया जाता है एवं धमकियां दी जाती हैं। जिस कारण मैंने अपनी बहिन भारती दुस्सा व उसके पति और बच्चों के साथ हमेशा के लिए सम्बंध विच्छेद कर लिया है। आज से उक्त भारती दुस्सा और उसके पति व बच्चों से मेरा कोई रिश्ता नहीं है। इनके किसी भी कृत्य के लिए हम उत्तरादायी नहीं होंगे।

**दीपक सिडाना पुत्र हरबंश लाल सिडाना**
निवासी-मलिक कालोनी, थाना रूद्रपुर,
जिला उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड

किराये हेतु
रूद्रपुर में भगत सिंह चौक पर एक तीन मंजिला मकान (बेसमेंट सहित) किराये हेतु उपलब्ध है।
-सम्पर्क करें-
मो. 9012700007

## सामान्य ज्ञान परीक्षा में माही रौतेला ने मारी बाजी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विजडम पब्लिक स्कूल के परिसर में विद्यालय के सस्थापक स्व. गिरीश कुमार श्रीवास्तवं जी की स्मृति में 13 वें वर्ष विद्यालय के प्रबन्धक गोपाल सिंह पटवाल द्वारा शहर के 18 स्कूलों की लिखित सामान्य ज्ञान परीक्षा 2023 आयोजित की गई। जिसका परीक्षाफल कार्यकम के मुख्य अतिथि डॉ. संदीप अरोरा डीन मानविकी विभाग जीवी पंत कृषि एवं तकनीकी विश्वविद्यालय पंतनगर एवं और प्रवन्धक गोपाल सिंह पटवाल, सचिव श्रीमती सुधा पटवाल, सहप्रबन्धक रोशन अरोरा अन्य विशिष्ट अतिथियों में रामप्रकाश गुप्ता अध्यक्ष एवं सत्यप्रकाश चौहान, सचिव जिला मान्यता प्राप्त निजी विद्यालय प्रबन्धक संघ ऊ०सि०नगर, देवाधीश अरोरा अध्यक्ष जिला मान्यता प्राप्त निजी विद्यालय प्रबन्धक संघ रूद्रपुर, विभाग जेसी बुडोला, श्रीमती विमला बुडोला जीवी पंत कृषि एवं तकनीकी विश्वविद्यालय पंतनगर, आरसी नेगी अन्य अतिथियों की उपस्थिति में घोषित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्जवलन व गणेश वन्दना के साथ हुई। लिखित सामान्य ज्ञान



परीक्षा 2023 के परीक्षाफल में प्रथम स्थान माही रौतेला कक्षा 8 नेशनल पब्लिक स्कूल, द्वितीय स्थान अवन्तिका गुप्ता कक्षा 8 विजडम पब्लिक स्कूल तथा तृतीय स्थान आकृति जोहरी कक्षा 8 स्टोन रिज इण्टरनेशनल स्कूल ने प्राप्त किया। अन्य स्थान प्राप्त करने वाले बच्चो में संस्कृति मित्तल, गीतिका वर्मा, परी सिंह, आरव गुप्ता, स्नेहा मगला, लक्ष्मी त्यागी, गौरव कुमार, संदीप कुमार, मानव तिवारी, अलिश सागर, शामिल थे। परीक्षाफल की आख्या विस्तृत रूप से विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रदीप सिंह रौतेला ने प्रस्तुत की और जीवन में सामान्य ज्ञान के महत्व के बारे में बताया। विद्यालय के बच्चों ने इस मौके पर देश भक्ति से ओतप्रोत पहाडी गीत, नाटक आदि सांस्कृतिक कार्यक्रमों का मंचन किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका श्रीमती निधि पाण्डेय और श्रीमती साक्षी मिश्रा ने संयुक्त रूप से किया। अन्त में विद्यालय प्रबन्धक गोपाल सिंह पटवाल ने सभी विद्यालयों के प्रबन्धको प्रधानाचार्यों अध्यापक.अध्यापिकाएँ और अभिभावकों का धन्यवाद किया तथा सभी विद्यालयों के स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को हार्दिक शुभकामनाए दी।कार्यकम में सुधांश पटवाल, श्रीमती श्रीमती उषा मिश्रा, नरेन्द्र सिंह रावत तथा विद्यालय के शिक्षक.शिक्षिकाओं में श्रीमती टीना राय, अजय मिश्रा, श्रीमती रेनु जोशी, आयुष दत्त, महेन्द्र कुमार, श्रीमती प्रेमलता सिह, श्रीमती गीता अधिकारी और अभिभावक गण आदि उपस्थित थे।

## एएमपीएस में वार्षिक खेलों का आयोजन

कालाढूंगी(उद संवाददाता)। कालाढूंगी के नयागांव में स्थित अमर मेमोरियल पब्लिक स्कूल में चार दिवसीय वार्षिक खेलों में बच्चों के द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया जा रहा है। यहां दौड़, चक्का फेंक, गोला फेंक, वॉलीबाल जैसे खेलों में स्कूली बच्चे काफी रुचि दिखा रहे हैं। प्रतियोगिता के दूसरे दिन भी बच्चों ने अपनी प्रतिभा का जलवा दिखाया। स्कूल के अन्य बच्चे खेलों का आयोजन पर ताली बजाकर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन कर रहे हैं। इस अवसर पर स्कूल चेयरमैन विजय कुमार खन्ना, प्रबंधक टीना खन्ना, संरक्षक नीलम खन्ना, सचिव अनिकेत खन्ना, प्रधानाचार्य डा, एसआई खान, विपिन कुमार, अमन, राजेश गोला, कपिल पांडे, जगमोहन जोशी, वंदना पडलिया, कल्पना भट्ट आदि मौजूद रहे।



## कच्ची शराब के साथ तस्कर गिफ्तार



शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। अवैध मादक पदार्थ के विरुद्ध चलाए गए अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक नगर रुद्रपुर एवं क्षेत्राधिकारी सितारगंज के निर्देशन में चौकी शक्तिफार्म थाना सितारगंज के कां. भारत भूषण व देवेन्द्र कन्याल ने चैकिंग के दौरान सपन समद्दार पुत्र सतरंजन समद्दार निवासी अरविन्दनगर नवढाई शक्तिफार्म को 30 पाऊच कच्ची शराब 25 लीटर के साथ अरविन्दनगर से गिरफ्तार का लिया।


## स्मैक के साथ युवक को दबोचा



शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। चौकी शक्तिफार्म पुलिस द्वारा गुरुबार को गश्त के दौरान अभियुक्त गुरमेज सिंह पुत्र प्रीतम सिंह निवासी गुरु नानक नगरी थाना सितारगंज को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से कुल 15.02 ग्राम नाजायज स्मैक बरामद हुई। पुलिस ने बरामद स्मैक कब्जे में लेकर नशा तस्कर गुरमेज सिंह कें विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस टीम मे उपनिरीक्षक जगदीश चंद्र तिवारी चौकी प्रभारी शक्ति फार्म व कास्टेबल भारत भूषण शामिल थे।

## एक्सीडेंट में घायल महिला की उपचार के दौरान मौत

काशीपुर(उद संवाददाता)। एक्सीडेंट में गंभीर रूप से घायल महिला की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। पुलिस ने मृतका के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों को सौंप दिया। तीन अन्य महिलाएं अस्पताल के बिस्तर पर पड़ी जीवन मृत्यु से संघर्ष कर रही है। एक की हालत अत्यंत नाजुक बताई जा रही है।



जानकारी के मुताबिक भरतपुर कुंडा निवासी लाखन सिंह की ४५ वर्षीय पत्नी अतरकली गत गुरुवार को अपराह्न बाद लगभग २:३० बजे गांव की तीन अन्य महिलाओं के साथ घास काटने जंगल की ओर गई थी वापसी में महिलाएं जब घास लेकर घर की ओर लौट रही थी इसी दौरान अनियंत्रित वेगन आर संख्या अज्ञात के चालक ने तेजी व लापरवाही से गाड़ी चलाकर महिलाओं को टक्कर मारते हुए उन्हें गंभीर रूप से लहूलुहान कर दिया। वाहन पुलिस ने कब्जे में लिया है। एक्सीडेंट में घायल महिलाओं को राजकीय चिकित्सालय से एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां अतरकली नामक महिला ने उपचार के दौरान गुरुवार की देर शाम दम तोड़ दिया। घायलों में रामवती रजनी तथा एक अन्य महिला का उपचार जारी है। पता चला है कि घायल रामवती की हालत अस्पताल में नाजुक बनी है। उधर दूसरी ओर आज मृतका अतर कली के शव का अंत्य परीक्षण कराने के बाद पुलिस ने इस परिजनों के हवाले कर दिया। मृतिका के तीन पुत्र तथा एक पुत्री है। उसके दो पुत्र तथा पुत्री की शादी हो चुकी है। अचानक घटी घटना को लेकर मृतक परिवार में शोक व्याप्त है।

## रूद्रपुर में कंपकंपाती ठंड से बचने को जलने लगे अलाव

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पिछले दो दिन से नगर में घने कोहरे के कारण ठंड अचानक तेज हो जाने से लोगों को ठंड से बचने को अलाव का सहारा लेना पड़ रहा है। नगर के अनेक बाजारों तथा गली मौहल्लों में प्रातः से ही लोग अलाव जलाकर आग की तपिश से खुद को कंपकंपाती ठंड से बचाने की कोशिश कर रहे हैं। वहीं प्रशासन द्वारा अभी तक लोगों को ठंड से बचाव के लिए सार्वजनिक रूप से अलाव जलाने की कोई भी व्यवस्था नही की गई है। जिससे लोगों को परेशानियों का सामना



करना पड़ रहा है। नगर निगम का कार्यकाल समाप्त हो जाने के बाद अलाव की व्यवस्था करने की जिम्मेवारी अब प्रशासन पर आ चुकी है। लेकिन प्रशासनिक अधिकारी इस ओर मौन साधे हुए हैं। अभी तक गरीबों को न तो सामाजिक संगठन ही कंबल वितरित कर रहे हैं और न ही प्रशासन द्वारा इसकी कोई व्यवस्था की जा रही है। जिससे गरीबों और आम लोगों को बस अलाव का ही सहारा रह गया है।

## वन गुर्जरों के खत्तों में हैंडपंप लगाने को सौंपा ज्ञापन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।अखिल भारतीय किसान महासभा द्वारा विकास खण्ड और तहसील हल्द्वानी के अंतर्गत वनगुर्जरों के दीवाल खत्ता एवं नहर खत्ता में जल-जीवन मिशन के तहत पेय जल हेतु इंडिया मार्का डैंडपम्प लगाये जाने की मांग के सम्बन्ध में जिलाधिकारी कैंप कार्यालय हल्द्वानी में सिटी मजिस्ट्रेट के माध्यम से जिलाधिकारी और उप जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया गया। किसान महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष बहादुर सिंह जंगी ने बताया कि देश की आजादी के ७५ वर्षों बाद भी दीवाल खत्ता एवं नहर खत्ता में वन गुर्जर परिवारों तथा उनके पशुओं को आज भी शुद्ध पेयजल पीने को नहीं मिल रहा है। जिस कारण वन गुर्जर परिवार व उनके पशु दुषित पानी पीने तथा नहाने से समय-समय पर विभिन्न संक्रामक रोगों से ग्रसित रहते हैं। दोनों खत्तों के वन



गुर्जर वर्षात के दिनों में वर्ष के पानी को इकट्ठा जमा कर कई दिनों तक पीने को बाध्य है। जबकि दोनों खत्ते तहसील हल्द्वानी से कुल मात्र १३ व १७ किमी की दूरी पर स्थित हैं।ज्ञापन में दोनों वन गुर्जर-खत्तों में ४, ४ इंडिया मार्का हैंड पम्प लगाये जाने की मांग की गई है।ज्ञापन देने वालों में डा कैलाश पाण्डेय, अली हसन, अली जान आदि शामिल रहे।

## छीनीगोठ में हाथियों ने रौंदी गेहूं की फसल

टनकपुर(उद संवाददाता)। छीनीगोठ गांव में फिर से हाथियों ने आतंक मचाना शुरू कर दिया है। बुधवार की रात हाथियों ने गेहूं की फसल रौंद दी। लोगों ने हाथियों को भगाने का प्रयास किया लेकिन सफलता नही मिली। आए दिन हाथियों के आतंक से परेशान गांव के काश्तकारों ने शीघ्र समस्या से निजात न दिलाने पर लोक सभा चुनाव का बहिष्कार करने की चेतावनी दी है। बुधवार की रात हाथियों का झुंड छीनीगोठ गांव के काश्तकार रवि जोशी, पवन जोशी, नरेश जोशी, महेश जोशी, नवीन जोशी, उमेश नरियाल, खुशाल सिंह पाटनी प्रदीप जोशी, नीरज जोशी के खेतों में घुस गया। कई घंटों तक हाथी फसल को नष्ट करते रहे। इस बीच ग्रामीणों ने उन्हें भगाने का प्रयास भी किया लेकिन सफल नहीं हो पाए। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय और वन



विभाग को ज्ञापन सौंपकर सोलर फेंसिंग लगाने की मांग की जा चुकी है, लेकिन वन विभाग इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि छीनीगोठ क्षेत्र वन विभाग के खटीमा रेंज में आता है। बताया कि विभागीय अधिकारी कभी ग्रामीणों की सुध लेने नहीं आते। उन्होंने बताया किशीघ्र सोलर फेंसिंग लगाकर हाथियों के आतंक से निजात नहीं दिलाई गई तो ग्रामीण आगामी लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करेंगे। उन्होंने मुख्यमंत्री से जनहित को देखते हुए मामले का त्वरित संज्ञान लेने की मांग की है। खटीमा रेंज की एसडीओ सरिता वर्मा का कहना है कि हाथियों के आतंक से ग्रामीणों को निजात दिलाई जाएगी। जल्द ही विभाग की टीम हाथियों के खेतों में घुसने वाले रास्तों का सर्वे करेगी, जिसके बाद सोलर फेंसिंग लगाने का प्रस्ताव भेजा जाएगा।

# दर्जा राज्य मंत्री दत्ता ने जताया सीएम धामी का आभार



खटीमा(उद संवाददाता)। मत्स्य पालक विकास अभिकरण के उपाध्यक्ष दर्जा राज्य मंत्री उत्तम दत्ता ने दायित्व ग्रहण करने के बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के खटीमा स्थित आवास पहुंचकर उनका आभार जताया। दर्जा राज्य मंत्री दत्ता ने कहा कि सरकार ने उन्हें जो दायित्व सौंपा है वह उसका जिम्मेदारी और ईमानदारी से निर्वहन करेंगे तथा सरकार की योजनाओं को जन–जन तक पहुंचाया जाएगा।उन्होंने कहा कि राज्य में स्वरोजगार के लिए संचालित योजनाओं को धरातल पर उतारा जायेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में सभी वर्गों को सम्मान दिया जाता है ऐसे में आने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रचंड बहुमत से अपनी सरकार बनाएगी । सीएम धामी ने कहा कि उत्तम दत्ता पिछले कई दशकों से पार्टी की सेवा कर रहे हैं और ऐसे में सरकार का दायित्व बन जाता है कि वह समाज के सभी वर्गों को सरकार में समाहित करें। उन्होंने कहा कि दर्जा राज्य मंत्री बनने के पश्चात उत्तम दत्ता समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलेंगे और युवाओं को रोजगार दिलाने के लिए पहल करेंगे। इस दौरान अनिल चौहान, चंद्रसेन कोली, विकास शर्मा, आदेश ठाकुर ,विक्की सरकार, मनोज कर, सपन मंडल आदि मौजूद थे।



## रमपुरा में उत्तम दत्ता का भव्य स्वागत

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। मत्स्य पालक विकास अभिकरण, उपाध्यक्ष (दर्जा राज्य मंत्री) उत्तम दत्ता जी का रम्पुरा पहुंचने पर राम्पुरा वासियों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा ढोल नगाड़ों से पगड़ी पहना कर एवं लड्डूओं से तोलकर भव्य स्वागत किया। इस दौरान माननीय उत्तम दत्ता जी ने कहा कि माननीय मुख्य मंत्री जी द्वारा जो जिम्मेदारी दी है उसका लाभ हर व्यक्ति को मिलने वाला है सरकार के द्वारा चलाई जा रही जन हित की योजना को जमीनी स्तर पर लागू करना प्राथमिकता में रहेगा जिससे को पात्र लोगो को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ मिल सके। मत्स्य विभाग के माध्यम से भी लोगो को मत्स्य पालन के माध्यम से छोटे छोटे रोजगार के अवसर प्रदान कराए जायेंगे। रमपुरा के लोग हमेशा भाजपा के साथ रहे हैं और हमारी भी जिम्मेदारी है कि हमे भी हमेशा रमपुरा ले लोगो के साथ कंधे से कंधे मिला चलना है। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री ओबीसी मोर्चा नेत्रपाल मोर्या जिला उपाध्यक्ष श्रीमती शालिनी बोरा चंद्रसेन कोली छेदा लाल पाल गोपी सागर राजू गुप्ता नामित पार्षद अजय मौर्य राज कुमार कोली वीरेंद्र मोर्या सोनू कोली राहुल कोली मनीष कोली रवि पाल प्रेम पाल जितेंद्र मोर्या दिनेश कोली सहित कई लोग मौजूद थे।






# चुनावों के दौरान धन-बल के प्रयोग पर लगाये अंकुश : डीएम

## संवेदनशील निर्वाचन क्षेत्रों का विधानसभावार चिन्हीकरण करने के निर्देश

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। कोई भी व्यक्ति धन–बल के आधार पर आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन को किसी भी तरह प्रभावित न कर सके। यह बात जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने जिला कार्यालय सभागार में व्यय संवेदनशील निर्वाचन क्षेत्रों के चिन्हीकरण के सम्बन्ध में बैठक लेते हुए कही। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी एंव भय रहित माहौल में सम्पन्न हों। निर्वाचन से सम्बन्धित सभी आवश्यक तैयारियां समय से पूरी हो जाये। उन्होंने पिछले विधानसभा तथा लोक सभा निर्वाचनों के अनुभव तथा जब्त किये गये धन, शराब सहित विभिन्न पहलुओं के आधार पर व्यय संवेदनशील निर्वाचन क्षेत्रों का विधानसभावार चिन्हीकरण करने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि विगत निर्वाचन में पिछली घटनाओं, निर्वाचन क्षेत्र के संक्षिप्त विवरण एवं पिछले घटनाकमों के आधार पर उन निर्वाचन क्षेत्रों का विशेषतौर पर चिन्हीकरण किया जाये जिसमें अत्यधिक व्यय और भ्रष्ट परिपाटियों को अपनाऐं जाने की सम्भावना है तथा पिछले दो चुनावों में कीमती घातुएं, आभूषण, मुफ्त वस्तुए आदि का भारी मात्रा में इस्तेमाल हुआ हो या पिछले चुनावों के दौरान जब्ती या अन्य घटनाओं का इतिहास रहा हो। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद उधमसिंहनगर के बैंको से गत छमाई के दौरान निकासी में अत्यधिक बढ़ोत्तरी बढ़ोतरी वाले बैंक तथा क्षेत्रों की भी पूर्ण जानकारी रखी जाये। बैठक में अपर जिलाधिकारी अशोक कुमार जोशी, मुख्य कोषाधिकारी डॉ.पंकज कुमार शुक्ल, वरिष्ठ कोषाधिकारी जुबक मोहन सक्सैना, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी विजय तिवारी, आबकारी अधिकारी अशोक मिश्रा, स्टेट टैक्स ऑफीसर धीरेन्द्र कुमार भट्ट, पुलिस उपाधीक्षक आरडी मठपाल सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे।




# सशक्त भू-कानून की मांग को लेकर कांग्रेस ने राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा के आह्वान पर विधायक सुमित हृदयेश के मार्गदर्शन और महानगर कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद बिष्ट के नेतृत्व में महानगर कांग्रेस ने उत्तराखंड राज्य में सशक्त भू कानून सहित स्थानीय बेरोजगार युवाओं के लिये नोकरियो मे ७० प्रतिशत आरक्षण की मांग को लेकर राज्यपाल के नाम का ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौपा। विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि उत्तराखंड प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर को बचाने के लिये प्रदेश में सशक्त भू कानून की नितांत आवश्यकता है। पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार द्वारा जमीदारी विनाश एवं भूमि व्यवस्था अधिनियम में संशोधन कर जो आत्मघाती निर्णय लिया गया उसकी भरपायी के लिए उत्तराखंड का अपना भू कानून वर्तमान समय की मुख्य मांग है। महानगर अध्यक्ष एडवोकेट गोविंद बिष्ट ने कहा कि प्रदेश से बेरोजगार युवाओं का पलायन दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। पहाड़ का पानी और जवानी दोनों पहाड़ के काम नही आ रही। बढ़ती बेरोजगारी और बढ़ते पलायन को रोकने के लिए प्रदेश सरकार को पूर्व की कांग्रेस सरकार द्वारा उद्योगों में स्थानीय बेरोजगार युवाओं को ७० प्रतिशत आरक्षण देने की व्यवस्था को तुरंत लागू करने की मांग रखी। ज्ञापन देने वालो मे हेमंत बगड़वाल, शोभा बिष्ट, मलय बिष्ट, हाजी सुहेल सिद्दीकी, राधा आर्य, कैलाश शाह, मोहम्मद गुफरान, सौरभ भट्ट, अमित रावत, विनोद कुमार पिन्नू, हाजी इस्लामुद्दीन, मुर्तजा अली, अनिल कनौजिया, हेम पंत, प्रदीप सिंह बिष्ट, जया पाठक, कमला जोशी, हाजी शाद अली, कोमल जायसवाल, दानिश हुसैन, आशीष कुरई, इंदर सिंह बिष्ट, मोहम्मद आसिफ, सोनू पांडे, संजू उप्रेती, बृजेश कुमार, गणेश टम्टा, मोहम्मद सुहैब आदि उपस्थित रहे।



# प्रकाश पूरब पर निकाली प्रभात फेरी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।साहिब श्री गुरु गोबिन्द सिंघ जी के प्रकाश पूरब के उपलक्ष्य में प्रभातफेरी निकाली गई। जो गुरुद्वारा श्री गुरु सिंघ सभा से आरम्भ होकर गुरद्वारा श्री गुरु तेग बहादुर साहिब, गौजाजाली की ओर प्रस्थान हुई। प्रभातफेरी गुरु गोबिंद सिंघ चौक से बसों में बैठ कर लाटूरिया बाबा मंदिर तक पहुंची और फिर वहाँ से पैदल नैनीताल रोड- बड़ी मंडी से होते हुए गुरद्वारा श्री गुरु तेग बहादुर साहिब पहुंची। प्रभात फेरी में इस बार जत्थों के रूप में संगत का उत्साह देखते ही बनता था। संगत ने ष्ऐसे गुर को बल बल जाईयेष और ष्तुम हो सब राजन के राजाष आदि शबदों का गायन किया। प्रभात फेरी के रास्तों में संगत ने अपने घरों को रोशनी, मालाओं से सजाया और संगत पर पुष्पवर्षा कर प्रभातफेरी का भव्य स्वागत किया। गुरद्वारा श्री गुरु सिंघ सभा के अध्यक्ष रंजीत सिंघ व कमेटी की तरफ से गुरद्वारा श्री गुरु तेग बहादुर साहिब की अध्यक्ष सुखविंदर कौर, कमेटी एवं संगत का धन्यवाद किया गया। मुख्य ग्रंथी जी ने अरदास कर प्रभातफेरी का समापन किया। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंघ सभा कमेटी के महामंत्री जगजीत सिंघ ने बताया कि मुख्य आयोजन आगामी १ जनवरी को टर्बन डे मनाया जायेगा। सुबह ११.३० बजे सिख बच्चे एवं बच्चीयां रंग बिरंगी दस्तार सजा के गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल से गुरद्वारा सिंघ सभा की और प्रस्थान करेंगे। ३ जनवरी को रामलीला मैदान से नगर कीर्तन ११ बजे निकलेगा। ५ जनवरी को धार्मिक दीवान ९.३० से ३ बजे तक रामलीला मैदान में सजेगा। गुरु का लंगर अतूट बरतेगा। प्रभातफेरी में समूह साध संगत एवं इलाका निवासियों ने सहयोग किया। इस दौरान रंजीत सिंघ, अमरजीत सिंघ साहनी, परविंदर सिंघ, रविंदरपाल सिंघ, महेंद्र सिंघ, सुखबीर सिंघ वीरू जी,पाली जी,अमरजोत सिंघ, कमलदीप सिंघ,अमनपाल सिंघ, अवनीत सिंघ, बलविंदर सिंघ,जसवंत सिंघ आदि मौजूद रहे।



# कांग्रेस का 138 वां स्थापना दिवस मनाया

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। स्वराज आश्रम में जिला–महानगर कांग्रेस द्वारा कांग्रेस का १३८ वा स्थापना दिवस हर्षोल्लास संग मनाया गया। झंडारोहण के बाद मिठाई वितरित की गई। इस मौके पर विधायक सुमित हृदयेश, जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल, महानगर अध्यक्ष एडवोकेट गोविंद बिष्ट, सतीश नैनवाल ने कहा कि देश को गुलामी से आजाद कराने से लेकर आधुनिक भारत के निर्माण में हर कदम पर कांग्रेस के निशान देखने को मिलेंगे। कांग्रेस का १३८ साल का इतिहास गर्व और गौरव की गाथाओं से परिपूर्ण है।महिला महानगर अध्यक्ष मधु सांगूड़ी, शोभा बिष्ट, सेवादल मुख्य संगठक राजेन्द्र दुर्गापाल, पूर्व पालिका अध्यक्ष हेमन्त बगडवाल और जिला महामंत्री मलय बिष्ट ने कहा कि कांग्रेस एक संगठन मात्र नही अपितु एक विचारधारा है जिसके मार्गदर्शन में देश की स्वतंत्रता की लड़ाई लड़ी गयी और जीती गयी। वरिष्ठ कांग्रेसी नरेश अग्रवाल, दीप पाठक, बहादुर बिष्ट, प्रकाश पांडे, हाजी सुहैल सिद्दीकी, राजेंद्र उपाध्याय ने कहा कि १९४७ के आजाद भारत से २०२३ के आधुनिक भारत की यात्रा में कांग्रेस ही पथप्रदर्शक रही है। गुलाम भारत से आधुनिक भारत की यात्रा की कहानियों मे कांग्रेस के नेता ही मुख्य भूमिकाओं में रहे है। इस दौरान गोविंद बगडवाल, ब्लॉक अध्यक्ष हेम पाण्डे, प्रताप बर्गली, सौरभ भट्ट , युंका जिलाध्यक्ष हर्षित भट्ट , इंदर बिष्ट, राधा आर्या , गीता बहुगुणा, जया पाठक, कमला तिवाड़ी, निर्मला जोशी, प्रेम चौधरी, ताहिर हुसैन, अशोक जोशी, दिनेश चौहान, एडवोकेट धर्मवीर, संजू उप्रेती आदि उपस्थित रहे।



# साहबजादों की याद में जगह जगह दूध बांटकर की सेवा





रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री गुरू गोबिंद सिंह जी महाराज के चार साहबजादों के शहादत दिवस पर गत सायं नगर के अनेक स्थानों पर संगत द्वारा राहगीरों को दूध का प्रसाद वितरित किया गया साथ ही शबद कीर्तन भी गाये गये। रणजीत अखाड़ा व गुरूनानक चैरीटेबल सेवा सोसाईटी द्वारा किच्छा बाईपास रोड़ पर रोडवेज गेट के सामने दूध प्रसाद का वितरण किया गया। इस मौके पर सेवा करने वालों में सुरेन्द्र सिंह, करनैल सिंह, दलजीत सिंह रिम्पी, नरेन्द्र ांिह, जोगेन्द्र सिंह लाड़ी, गुरविन्दर सिंह गाबा, मलकीत सिंह, दलविन्दर सिंह, अंग्रेज सिंह, आकाश दीप सिंह, सहज सिंह, गुरूप्रीत कौर, डोली, रूपिन्दर कौर, कुलदीप कौर, पवन दीप कौर, कमलजीत कौर आदि शामिल थे। वहीं धनधन बाबा दीप सिंह जी सेवा ट्रस्ट तथा धनधन बाबा दीप सिंह गतका अखाड़ा द्वारा गुरूनानक बालिका इंटर कालेज के गेट के समक्ष राहगीरों को दूध प्रसाद वितरित किया गया। इधर गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी दशमेश नगर द्वारा चार साहिबजादे चौक पर लोगों को दूध प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान सेवा करने वालों में सोमपाल सिंह, बलविन्दर सिंह, श्रद्धा सिंह, हरबंस सिंह, बलजिन्दर सिंह, राजेन्द्र सिंह, गुरबाज सिंह, कुलजीत सिंह, कुलबीर सिंह, रणवीर सिंह, इशनीत सिंह, भजन सिंह, रंजीत सिंह, मंजीत सिंह, अवतार सिंह, सिमरप्रीत सिंह, गुरदीप सिंह, जगदीप सिंह, चन्नन सिंह, बाबा दर्शन सिंह, अमारजीत सिंह, हरनाम सिंह, वचन सिंह, सतपाल सिंह, राजन सिंह, तरनदीप सिंह आदि शामिल थे। गुरूद्वारा आदर्श कालोनी द्वारा माता गुजर कौर व उनके चार साहबजादों के शहादत दिवस पर गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी व साद संगत के सहयोग से राहगीरों को दूध प्रसाद का वितरण किया गया। इधर महाराजा रणजीत सिंह पार्क में शहादत दिवस पर विशेष धार्मिक दीवान सजाया गया। जिसमें भाई मंगत सिंह, भाई खजान सिंह, भाई गुरजीत सिंह व भाई रेशम सिंह ने शबद कीर्तन व कथा के माध्यम से शहीदी का इतिहास सुनाया और गुरू की महिमा का बखान कर संगत को निहाल किया। वहीं गोल मार्केट में संगत द्वारा लोगों को दूध तथा चावल का प्रसाद वितरित किया गया।





## डॉक्टर गंगवार मनरेगा में लोकपाल नियुक्त

रुद्रपुर(उद संवाददाता) । जिला उधम सिंह नगर में मनरेगा प्रकोष्ठ के लोकपाल पद पर ग्राम दोपहरिया निवासी डॉ डॉक्टर भूपेंद्र गंगवार का चयन लोकपाल चयन समिति द्वारा किया गया है। इस संबंध में विभाग द्वारा शासनादेश जारी करते हुए उन्हें १५ दिन के भीतर कार्यभार ग्रहण करने का आदेश दिया है। अपर सचिव ग्राम्य विकास आनंद द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि डा. भूपेन्द कुमार गंगवार की तैनाती योगदान की तिथि से दो वर्ष की अवधि तक की जाती है। डा. भूपेन्द्र कुमार गंगवार के मानदेय पर होने वाला व्यय भार एमजीएनआरईजीएस के प्रशासनिक मद द्वारा वहन किया जायेगा तथ पारिश्रमिक के रूप में राज्य सरकार की किसी भी अधिसूचना के अधीन २२५० रुपए प्रति सीटिंग अधिकतम ४५ हजार रुपए प्रतिमाह देय होगा। अपने मनोनयन पर डा. भूपेन्द्र कुमार गंगवार ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सहित भाजपा के सभी नेताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शासन द्वारा उन्हें जो जिम्मेवारी प्रदान की गई है उसका वह जनहित में उपयोग करेंगे। डा. गंगवार की नियुक्ति पर तमाम लोगों ने हर्ष जताते हुए उन्हें बधाई दी है।



## चार साहिबजादे चौक पर किया धार्मिक शहीदी कार्यक्रम का आयोजन

गदरपुर(उद संवाददाता) । शहीदी सप्ताह के दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग पर महतोष पुलिस चौकी के पास चार साहिबजादे चौक पर श्रद्धालुओं द्वारा धार्मिक शहीदी समागम का आयोजन करवाया गया । श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के सम्मुख नतमस्तक होकर संगत द्वारा रागी,ढाढ़ी, प्रचारको एवं कथा वाचकों द्वारा दिए गए प्रवचनों साहब जादों के शहीदी इतिहास को सुना । चार साहिबजादे चौक पर गुरु गोविंद सिंह के चार पुत्रों बाबा अजीत सिंह ,जुझार सिंह, जोरावर सिंह एवं फतेह सिंह माता गुजर कौर सहित अन्य शहीदों को



नमन करते हुए संगत ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए । बोले सो निहाल सत श्री अकाल के जयकारों के साथ दिनभर गुरबाणी शब्द कीर्तन एवं ऐतिहासिक तथ्यों पर आधारित कार्यक्रम का आयोजन करने के साथ देर रात तक गुरु का लंगर, चाय का लंगर एवं दूध का लंगर वितरण करने के साथ जरूरतमंदों को गर्म वस्त्रो का वितरण किया गया । इस दौरान भारी संख्या में संगत द्वारा कार्यक्रम में शामिल होकर शहीदों को नमन किया ।

## विधायक शिव को किया सम्मानित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। इंदिरा कॉलोनी स्थित गुरुद्वारा में गुरु गोविंद सिंह के चार साहिबजादो एवम धन माता गुजर कौर की शहादत को समर्पित महान शहीदी समागम में विधायक शिव अरोरा शामिल हुए। वही विधायक ने गुरुद्वारा मे माथा टेकर समस्त क्षेत्र के सुख सम्रद्धि की कामना की। इस अवसर पर प्रबंधक कमेटी द्वारा विधायक शिव अरोरा को चार साहबजादे की स्मृति स्वरूप चित्र भेंट कर सम्मानित किया, वही विधायक शिव अरोरा ने कहा की हमे अपने गुरुओं के गौरवशाली इतिहास सदैव वीरता समर्पण और सेवा भाव की ओर प्रेरित करता है। विधायक शिव अरोरा ने कहा



चार साहिबजादों की शहादत को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि यह हर वर्ष हम वीर बाल दिवस के रूप में मनाएंगे ओर देश उन साहिबजादों को याद करते हुए गर्व महसूस कर रहा है कि यह धरती ऐसे वीर सपूतों के अमर बलिदान के लिये जानी जातीं है, इस दौरान सरदार दीदार सिंह, प्रीतम सिंह, चरणजीत सिंह, कुलदीप सिंह, कुलदीप सिंह, विक्की, पूर्व पार्षद अम्बर सिंह, सोनू गगनेजा, विकास सागर, बलजीत सिंह, निमित शर्मा, डंम्पी चोपड़ा व अन्य लोग मौजूद रहे।

## स्टेट मिनी गोल्फ महिला पुरुष वर्ग चौंपियनशिप शुरू

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मिनी गोल्फ एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के तत्वाधान में दो दिवसीय प्रथम सीनियर स्टेट मिनी गोल्फ महिला पुरुष वर्ग चौंपियनशिप २०२३ का शुभारंभ गत दिवस स्थानीय राजकीय राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के मिनी गोल्फ कोर्स में किया गया। जिसका कर अनुशासित होकर खेलना को कहा। मिनी गोल्फ संघ के चेयरमैन डॉक्टर नागेंद्र शर्मा ने बताया कि उक्त चौंपियनशिप मिनीबीगोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा स्वीकृत है। चौंपियनशिप में जनपद हरिद्वार, नैनीताल, चंपावत, पिथौरागढ़, अल्मोड़ा, उधम सिंह नगर के खिलाड़ी चौंपियनशिप के पश्चात विशेष प्रशिक्षण शिविर हेतु १५ महिला एवम पुरुष खिलाड़ियों का चयन किया जायेगा। जिनको अंतिम चयन के बाद मिनी गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता जो नागपुर में जनवरी अंतिम सप्ताह में आयोजित होनी है हेतु भेजा जाएगा। उक्त अवसर



उद्घाटन नगर निगम के नगर आयुक्त पीसीएस नरेश दुर्गा पाल ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर और मिनी गोल्फ खेल कर किया। उन्होंने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए उनसे अच्छे खेल के लिए अच्छे प्रदर्शन की आशा व्यक्त प्रतिभागी कर रहे हैं। प्रथम दिवस मुकाबले में सभी खिलाड़ियों ने डबल्स इवेंट, सिंगल इवेंट, टीम इवेंट में अपना दूसरे चक्र में प्रवेश किया। आज फाइनल एवं अंतिम मुकाबले खेले जाएंगे। डॉ राजेश कुमार ने बताया उक्त पर संगठन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अभिजीत सिंह, उपाध्यक्ष मनप्रीत सिंह, डॉ संतोष कुमार, डॉक्टर सुरेंद्र सिंह, पवन सहगल, भूपेश दुमका, राजेंद्र कुमार, लोकेश पांडे, प्रगति दुमका, योगेश पांडे, चेतन भट्ट तथा अनेकों खेल प्रेमी मौजूद रहे।

## अनुसूचित जनजाति के खिलाड़ियों का खेल प्रशिक्षण सम्पन्न

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। खेल निदेशालय, देहरादून के सौजन्य से जिला खेल कार्यालयद्वारा श्री मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम रूद्रपुर में १९ से २८ दिसम्बर तक ट्राईबल सब-प्लान के अन्तर्गत अनुसूचित जनजाति के ओपन बालकों का १० दिवसीय विशेष खेल प्रशिक्षण शिविर संचालित किया गया। जिसमें एथलेटिक्स में २५ बालक, वॉलीबाल में २५ बालक एवं सेपक टाकरा में २५ बालकों द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त किया गया। प्रशिक्षण शिविर का मुख्य अतिथि बीएस रावत, जिला युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल अधिकारी, द्वारा समापन किया गया। जिसमें उनके द्वारा खिलाडियों को प्रोत्साहित किया गया तथा खिलाड़ियों को खेल के प्रति रूचि व अनुशासन में बने रहने हेतु प्रेरित किया गया। प्रशिक्षण शिविर के विशिष्ट अतिथि लक्ष्मण सिंह टाकुली, जिला खेल समन्वयक रहे।प्रशिक्षण शिविर में सुरेश बिष्ट सहायक प्रशिक्षक (वॉलीवॉल), हरीश राम, सहायक प्रशिक्षक (एथलेटिक्स) एवं प्रगति दुम्का, कॉन्ट्रैक्ट प्रशिक्षिका (सेपक टाकरा) द्वारा खिलाड़ियों को अपने-अपने खेलों की बारीकियों एवं तकनीकों के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर गिरीश कुमार, जिला क्रीड़ाधिकारी, मोहित, सहायक प्रशिक्षक, रघुवीर सिंह, सहायक प्रशिक्षक एवं समस्त खेल प्रशिक्षक / कार्मिक उपस्थित रहे। प्रशिक्षण शिविर में प्रतिभाग करने वाले खिलाडियों को खेल निदेशालय के निर्धारित मानकों के अनुसार भोजन, आवास, यात्रा-भत्ता, पुरस्कार आदि सुविधाएँ नि:शुल्क प्रदान की गई।



## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# ठंड और कोहरे की मुश्किलें

मौसम की अपनी गति होती है। इस लिहाज से देखें तो बीते दो-तीन दिनों से तापमान में गिरावट के साथ बढ़ती ठंड एक प्राकृतिक चक्र है और इसकी वजह से जनजीवन में पैदा होने वाली मुश्किलें आम रही हैं। मगर ठंड में बढ़ोतरी और कोहरे से उपजी समस्या का अनुमान लगा कर उसका सामना करने और उससे बचाव के इंतजाम किए जाएं, तो नुकसान और बाधाओं को कम जरूर किया जा सकता है। इस वर्ष ठंड की शुरुआत हुए करीब एक पखवाड़ा गुजर चुका है और इस बीच वायुमंडल के घनीभूत होने की वजह से प्रदूषण एक अलग समस्या बन रही है, मगर पिछले दो-तीन दिनों में बढ़ती ठंड और कोहरे के चलते कई स्तर पर बाधाएं खड़ी हो रही हैं। बुधवार को कोहरा बढ़ने के साथ ही समूचे उत्तर भारत से सफर में मुश्किल से लेकर सड़क हादसों की जैसी खबरें आईं, उसके लिए जितना मौसम जिम्मेदार है, उससे ज्यादा इसकी प्रकृति को समझ कर उसके मुताबिक अपने कामकाज को निर्धारित करना गैरजरूरी मानने वाले लोगों की वजह से मुश्किलें पैदा होती हैं। गौरतलब है कि उत्तर भारत में हरियाणा और पंजाब के कई शहरों में सड़क पर दृश्यता शून्य तक पहुंच गई। दिल्ली सहित राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में भी कड़ाके की ठंड के साथ कई जगहों पर दृश्यता इतनी कम थी कि वाहन को सुरक्षित आगे बढ़ा पाना एक जोखिम का काम था। कई रेलगाड़ियां निर्धारित समय से काफी विलंब से चलीं और विमानों की उड़ान पर भी इसका विपरीत असर पड़ा। ज्यादा त्रासदी सड़कों पर बरसी, जहां अलग-अलग होने वाले हादसों में कई लोगों की मौत हो गई। कोहरा और बेहद कम दृश्यता की वजह से सड़कों पर वाहनों के टकराने से उत्तर प्रदेश में आठ और राजस्थान में तीन लोगों की मौत के अलावा दिल्ली के शकूरबस्ती में ध ुंध से उपजे भ्रम का शिकार होकर एक ट्रेन से पिता-पुत्र की नाहक ही जान चली गई। हालांकि दिल्ली में मौसम और कोहरे के मद्देनजर लाल चेतावनी जारी की गई थी, लेकिन आबोहवा में जैसा कोहरा छा गया, उसमें आम जनजीवन और गतिविधियों पर काफी असर पड़ा। जैसी मुश्किल खड़ी हुई, उसमें मौसम की मार की वजह साफ है, मगर यह समझना मुश्किल है कि इससे उपजने वाली स्थितियों के मुताबिक आम गतिविधियों में थोड़ी सावधानी क्यों नहीं बढ़ाई जा सकती। सवाल है कि अगर कोहरे की वजह से सड़कों पर दृश्यता बेहद न्यून हो जाती है, तब वाहनों की रफ्तार और चलाने के तौर-तरीके को नियंत्रित करने को लेकर सजग क्यों नहीं हुआ जा सकता। गहरी धुंध में आमतौर पर कुछ मीटर आगे चल रहे या खड़े वाहन भी नहीं दिखाई देते और पीछे से आ रही गाड़ियां अक्सर सिलसिलेवार तरीके से टकराती चली जाती हैं। सड़कों पर आम हो चुके इस तरह के हादसों से बचने के लिए बस थोड़ी-सी सावधानी की जरूरत होती है। खासतौर पर तब जब तेज रफ्तार वाहन चलाने की सुविधा वाली सड़कों पर कोई व्यक्ति वाहन चला होता है तो गंतव्य पर सुरक्षित पहुंचना प्राथमिक होनी चाहिए, न कि गाड़ी की गति को आम दिनों की तरह तेज चलाना। कोहरे की वजह से ट्रेनों की लेटलतीफी हर वर्ष की एक गंभीर समस्या रही है, मगर अब तक ट्रेनों को कोहरा-रोध ी या फिर कोहरे में आगे के सिग्नल की स्थिति की सटीक जानकारी देने वाले यंत्रों के जरिए रेल यात्रा को सहज बनाने की बातें घोषणाओं तक सीमित रही हैं।

## अक्षय कलश का किया जोरदारस्वगत

गूलरभोज(उद संवाददाता)। अयोध्या से आए हुए अक्षय कलश को गूलर भोज पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ता और व्यापारियों के द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। स्वागत करने में भाजपा नेता विजय मंडल कैलाश शर्मा अजय अरोड़ा इंदर सिंह मेहता संजीव भटेजा बाबू सिंह तोमर गुरमेल सिंह संजीव कुमार गुप्ता डॉ कुलदीप रघुवंशी हरीश छाबड़ा विजय गुंबर उदयभान राजभर आदि उपस्थित थ।



# कश्मीर में अलगाववादियों पर लगाम

जम्मू.कश्मीर में अलगाववादी संगठन मुस्लिम लीग को भारत सरकार ने पांच साल के लिए गैर.कानूनी घोषित कर दिया है। इस मुस्लिम कट्टरपंथी संगठन का नेतृत्व जेल में बंद मसर्रत आलम कर रहा था। केंद्र सरकार द्वारा बीते चार सालों में ऐसे अनेक संगठनों और अलगाववादियों पर शिकंजा कसा हैए जो भारत विरोधी गतिविधियों में लिप्त रहते हुएए देश की संप्रभुता और अखंडता को खतरा बने हुए थे। इनमें जमाते इस्लामी कश्मीरए जम्मू कश्मीर लिबरेशन फ्रंट और जम्मू कश्मीर डेमोक्रेटिक फ्रीडम पार्टी प्रमुख हैं। इन सभी को पाकिस्तान से षह और मदद मिलती रही है। इसीलिए ये पाकिस्तान की भाशा भारत की धरती से बोलते रहे हैं। बावजूद नेषनल कांफ्रेंस के नेता फारुक अब्दुल्ला कह रहे हैं कि भारत को घाटी में षांति के लिए पाकिस्तान से बात करनी चाहिएए अन्यथा कष्मीर का हाल गाजा पट्टी जैसा हो जाएगा। फारुक को याद रखना चाहिए कि अटल बिहारी वाजपेयी ने इसी नजरिए से पाकिस्तान के तात्कालीन प्रधानमंत्री परवेज मुषर्रफ से आगरा में बातचीत की थीए लेकिन भारत की इस उदारता का लाभ मुषर्रफ ने कारगिल को गाजा बनाने की नाकाम कोषिष के रूप में दिया था। जिस पड़ोसी देष की नियत ही सही न होए उससे बात करने का क्या औचित्य घ् अतएव केंद्र सरकार की कार्यवाही और संदेश एकदम साफ है कि देश की एकताए अखंडता और संप्रभुता के खिलाफ लगे अलगाववादियों को बख्शा नहीं जाएगा। यह भारत जैसे उदार व सहिश्णु देषों में ही संभव है कि आप अलगाव और देषद्रोह का खुलेआम राग अलापिएए मासूम युवाओं को भड़काइए राज्य व राश्ट्र की संपत्ति को नुकसान पहुंचाइएए बावजूद आपके संरक्षण का राग फारुक अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती जैसे नेता अलापते रहेंगे। एक समय पाकिस्तान के पक्ष में और भारत के विरोध में नारे लगाने वाले ऐसे लोगों को देषद्रोही नहीं माना जाता थाए अलबत्ता उनकी सुरक्षा और एषो.ओ.आराम पर करोड़ों रुपए खर्च किए जाते रहे हैं। यह एक ऐसी हैरानी में डालने वाली वजह थीए जो अलगाववादियों का न केवल भारत में पोशण कर रही थीए बल्कि वे भारतीय पासपोर्ट के जरिए दूसरे देषों की सरजमीं पर इतारते हुए भारत के खिलाफ मानवाधिकारों के हनन की वकालत करते हुए विद्रोह की आग भी उगलते रहे हैं। सुरक्षा और सरकारी धन की यह इफरात ही अलगाववादियों को दुनिया में इतराते फिरने का मौका दे रही थी। किंतु अब नरेंद्र मोदी सरकार ने पाकपरस्त अलगाववादियों की सरकारी सुरक्षा और आर्थिक मदद बंद कर इन्हें जेल की चारदीवारी का रास्ता दिखाना षुरू कर दिया है। २०१६ में भाजपा विधायक ने जम्मू.कश्मीर विधानसभा में भी पृथकतावादियों पर अरबों रुपए खर्च करने का मुद्दा भी उठाया था। पुलवामा के भीषण हमले और ४४ जाबांजों के प्राण खोने के बाद जम्मू.कश्मीर प्रशासन ने अलगाववादियों पर शिकंजा कसने की



शुरुआत की थी। इन नेताओं में ऑल पार्टी हुर्रियत कांफ्रेंस के अध्यक्ष मीरवाइज उमर फारूकए जम्मू.कश्मीर डेमोक्रेटिक पार्टी के संस्थापक अध्यक्ष शब्बीर शाहए जम्मू. कश्मीर लिबरेशन फ्रंट के हाशिम कुर्षेषीए पीपुल्स इंडिपेंडेंट मूवमेंट के अध्यक्ष बिलाल लोनए और मुस्लिम कांफ्रेंस के अध्यक्ष अब्दुल गनी बट शामिल हैं। इनमें से कई नेता घाटी में आत्मनिर्णय की पैरवी भी करते रहे हैं। जबकि कश्मीर से चार लाख से भी ज्यादा पंडितए सिखए बौद्धए जैन और अन्य अल्पसंख्यकों को तीस साल पहले विस्थापित कर दिया गया थाए उनके प्रति राष्ट्रभक्ति कभी नहीं जताई गई और न ही यहां के बहुलतावादी चरित्र की बहाली की बात करते हैं । हाषिम कुरैषी १९७१ में इंडियन एयरलाइंस के विमान अपहर्ताओं में षामिल था। बिलाल लोन पीपुल्स क्रांफ्रेंस के एक अनगाववादी धड़े का नेता है। फारसी का प्राध्यापक रहा अब्दुल गनी बट हुर्रियत का हिस्सा है। इसने कष्मीरी पंडितों के घर जलाने और उन्हें घाटी से बाहर खदेड़ने में अहम् भूमिका निभाई थी। इस कारण इसे १९८६ में सरकारी नौकरी से बर्खास्त कर दिया गया था। इन लोगों पर पाकिस्तान से पैसा लेने व आईएसआई के लिए जासूसी करने का भी आरोप है। विडंबना देखिए जो देष.विरोधी गतिविधि यों में ढाई.तीन दषक से लिप्त हैंए उन्हें राज्य एवं केंद्र सरकार की तरफ से सुरक्षा. कवच मिला हुआ था। यही नहींए इन्हें सुरक्षित स्थलों पर ठहरानेए देष.विदेष की यात्राएं कराने और स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने पर २०१६ के पहले ५ साल के भीतर ५६० करोड़ रुपए खर्च किए जा चुके थे। मसलन सालाना करीब ११२ करोड़ रुपए इन अलगाववादियों का पृथक्तावादी चरित्र बनाए रखने पर मनमोहन सिंह सरकार खर्च करती रही। इनकी सुरक्षा में निजी अंगरक्षकों के रूप में लगभग ५०० और इनके आवासों पर सुरक्षा हेतु १००० जवान तैनात थे। पूरे जम्मू.कष्मीर राज्य के २२ जिलों में ६७० अलगाववादियों को विषेश सुरक्षा दी गई थी। जबकि ये पाकिस्तान का पृथक्तावादी अजेंडा आगे बढ़ा रहे थे। इस तथ्य का सत्यापन मुस्लिम लीग पर लगाए प्रतिबंध से भी होता है। इनके स्वर बद्जुबान तो हैं हीए पाकिस्तान परस्त भी हैं। कश्मीर के सबसे उम्रदराज अलगाववादी नेता सैयद अली गिलानी कहते थेए ष्यहां केवल इस्लाम चलेगा। इस्लाम की वजह से हम पाकिस्तान के हैं और पाक हमारा है। अलगाववादी महिला नेत्री असिया अंद्राबी पाक का कष्मीर में दखल कानूनी हक मानती थीं। कमोबेश यही स्वर यासीन मलिक और मीरवाइज उमर फारुक का था। यह विडंबना नहीं तो और क्या है कि हम इनकी बद्जुबानी भी सह रहे हैं और इन्हें सुरक्षा व व्यक्तिगत खर्च के लिए धन भी मुहैया करा रहे हैं। विश्व में शायद ही किसी अन्य देश में ऐसी विरोधाभासी तस्वीर देखने को मिले । कष्मीरी अलगाववादियों को देष.विदेष में हवाई.यात्रा के लिए टिकट सुविधाए पांच सितारा होटलों में ठहरने व वाहन की सुविधाएं मुहैया कराई जा रही थीं। स्वास्थ्य खराब होने पर दिल्ली के एम्स से लेकर अपोलो एस्कॉर्ट और वेदांता जैसे मंहगे अस्पतालों में इनका उपचार कराया जाता था। इन सब खर्चों को राज्य और केंद्र सरकार मिलकर उठाती थीं। जम्मू.कष्मीर विधानसभा परिशद् में भाजपा सदस्य अजात षत्रु ने इस परिप्रेक्ष्य १९१६ में आष्चर्यजनक खुलासा किया था। उन्होंने बताया था कि पृथक्तावादियों को विध ायकोंए मंत्रियों और विधान परिशद् के सदस्यों से कहीं ज्यादा सुरक्षा मिली हुई है घ् बाद में अजात षत्रु ने जो आंकड़े प्रस्तुत किएए उससे सदन अवाक रह गया था। राज्य में कुल ७३ए३६३ पुलिसकर्मी २०१६ में थेए इनमें से समूचे राज्य के ६७० अलगाववादियों की सुरक्षा में १८००० कर्मी तैनात थे। राज्य के सर्व षिक्षा अभियान का कुल वार्शिक खर्च ४८६ करोड़ थाए जबकि अलगाववादियों की सुरक्षा पर ५६० करोड़ रुपए खर्च हो रहे थे। अलगाववादियों को ठहरने के लिए मंहगे होटलों में ५०० कमरे भी आरक्षित रहा करते थे। देष के खिलाफ बगावत का स्वर उगलने वालों को इतनी सुख.सुविध एं सरकार दे रही थी। तो भला वे अलगाव से अलग होने की बात सोचें ही क्यों। देष की मुख्यधारा में क्यों आएं घ् राज्य सरकार इस सुरक्षा को उपलब्ध कराने का कारण अलगाववादी नेताओं और आतंकी संगठनों में कई मुद्दों पर मतभेद बताती रही है। इस तकरीर से ही साफ है कि अलगाववादी राश्ट्र या राज्य के नहींए बल्कि आतंकवादियों के कहीं ज्यादा निकट थे। लिहाजा इनके अलगाव के स्वर को पनाह देना कतई राष्ट्रहित में नहीं था। ये अलगाववादी कितने चतुर और अपने परिवार के सदस्यों के सुरक्षित भविश्य के लिए कितने चिंतित रहे हैंए यह इनकी कष्मीरियों के प्रति अपनाई जा रही दोगली नीति से पता चलता है। इनका यह आचरण ष्तुम सांप के बिल में हाथ डालोए मैं मंत्र पढ़ता हूंष् जैसे मुहाबरे को चरितार्थ करता है। २०१० में पुलिस व सेना पर बच्चोंए किषोरों और युवाओं से पत्थर फेंकने का तारीका मसरत आलम नाम के अलगाववादी ने इजाद किया था। किंतु इस भारत विरोधी गतिविधि में मसरत की कभी कोई संतान षामिल नहीं रही। इनके सभी बच्चे घाटी से बाहर दिल्ली के मंहगे षिक्षा संस्थानों में पढ़कर भविश्य संवारकर देष.विदेष में नौकरी कर रहे हैं। खुद खाएं गुलगुले और गुड़ से करें परहेज वाली कहावत सैयद अली गिलानी पर भी लागू होती है। आतंकी बुरहान बानी की कब्र पर जमा लोगों को अपने ऑडियो संदेष के जरिए जिहाद और इस्लाम का पाठ पढ़ाने वाले इस चरमपंथी के तीन बेटे और तीन बेटियों में से एक भी अलगाववादी जमात का हिस्सा नहीं है। ये घाटी से बाहर दिल्ली और अमेरिका में पढ़.लिखकर वैभवषाली जीवन जी रहे हैं। यही नहीं इनकी मौज.मस्ती और कष्मीर में अलगाववादी गतिविधियां चलाने के लिए इन्हें विदेषों से भी अकूत धन मिल रहा है। हालांकि अलगाव वादियों पर षिकंजा कसने और धारा.३७० व ३५.ए के समापन के बाद जम्मू. कष्मीर के आम आदमी का चरित्र तेजी से बदल रहा है और वे मुख्य धारा में आकर भारतीय समरसता में घुलने. मिलने लगे हैं। मुस्लिम लीग की तरह अलगाववादी संगठनों पर लगाम लगाई जाती रही तो वह दिन दूर नहीं जब घाटी की जड़ से अलगाव और आतंकवाद के पोशक तत्व पूरी तरह नेस्तनाबूद हो जाएंगे।

**– प्रमोद भार्गव, लेखक वरिष्ठ साहित्यकार और पत्रकार हैं।**

# सभी स्कूलों में प्रारंभिक चरित्र निर्माण पर जोर दिया जाना जरूरी : राज्यपाल







देहरादून/ऋषिकेश(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने गुरुवार को ऋषिकेश में राष्ट्रीय सैनिक संस्था द्वारा गौरव सेनानियों और देशभक्त नागरिकों के अभिनंदन और संकल्प कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। दो दिवसीय अभिनंदन कार्यक्रम में विभिन्न प्रदेशों के सदस्यों द्वारा विद्यालयों में चरित्र निर्माण के लिए सैनिक प्रशिक्षण विषय पर चर्चा की। कार्यक्रम में अपने संबोधन में राज्यपाल ने कहा कि राष्ट्रीय सैनिक संस्था मेरा प्राथमिक परिवार है। सभी पूर्व सैनिक मेरे इसी परिवार के सदस्य हैं। राष्ट्रभक्ति की भावना से प्रेरित यह संस्था हमारे असंख्य गौरव सैनानियों और देशभक्त नागरिकों को एकता के सूत्र में जोड़ रहा है। इस परिवार का सदस्य होना हर एक के लिए गर्व की बात है। राज्यपाल ने कहा की राष्ट्र निर्माण एवं चरित्र निर्माण का संदेश परमार्थ और मां गंगा के तट से पूरे समाज तक जाएगा। उन्होंने कहा कि हमें यह सोचना होगा कि पूरे राष्ट्र चरित्र निर्माण में हम किस प्रकार अपना योगदान दे सकते हैं। हमें राष्ट्र और जनहित को सर्वोपरि रखते हुए समाज के लिए बेहतर कार्य करना होगा। राज्यपाल ने कहा कि चरित्र निर्माण की जिम्मेदारी परिवार से प्रारंभ हो जाती है और इसके पश्चात स्कूलों में चरित्र निर्माण की जिम्मेदारी रहती है। उन्होंने कहा कि सभी स्कूलों में प्रारंभिक चरित्र निर्माण पर जोर दिया जाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि बड़ी खुशी का विषय है कि राष्ट्रीय सैनिक संस्था ने प्रारंभिक सैनिक प्रशिक्षण और चरित्र निर्माण हेतु एक सिलेबस तैयार किया है और उस पर आधारित आधा दर्जन कोर्स भी संचालित किए है। राज्यपाल ने कहा की विश्व गुरु के रूप में भारत की परिकल्पना हमारे राष्ट्रीय चरित्र के विकास से ही पूरी होगी। अमृत काल में यह हमारे एजेंडे की बुनियाद होनी चाहिए। इसी राह पर चलकर भारत का राष्ट्रीय चरित्र तैयार होगा। उन्होंने कहा कि देश के लोगों में राष्ट्रीय चरित्र का विकास करके ही राष्ट्रीय एकीकरण के उद्देश्य की प्राप्ति हो सकती है। कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल ने उत्तरकाशी के सिलक्यारा रेस्क्यू ऑपरेशन में टनल की खुदाई में अहम भूमिका निभाने वाले रैट माइनर्स को सम्मानित किया। इसके उपरांत राज्यपाल माँ गंगा आरती में भी शामिल हुए। कार्यक्रम के अवसर पर कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानंद सरस्वती, साध्वी सरस्वती, अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष स्वामी रविंद्र पुरी, जैनाचार्य डॉ. लोकेश मुनि, मदरसा बोर्ड के अध्यक्ष मुफ्ती शमून कासमी, राजन छिब्बर, लेफ्टिनेंट जनरल अश्विनी कुमार बक्शी (रि.), लेफ्टिनेंट जनरल शक्ति गुरुंग (रि.), एडवोकेट अश्विनी उपाध्याय, संस्था के अध्यक्ष कर्नल टी. पी. त्यागी (रि.), कर्नल एम.के. शर्मा (रि.), गौरव सेनानी राजेंद्र बगासी, गौरव सेनानी पी.पी. सिंह, करनल के.के. एस. माकेन, गौरव सेनानी बी.पी. शर्मा, श्रीमती सीमा त्यागी, सहित देशभर की इकाइयों के सदस्यगण उपस्थित रहे।

# जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रत्येक गांव तक पहुंचायें : टम्टा

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। केंद्र सरकार द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा जनहितैषी योजनाओं पर केंद्रित योजनाओं के प्रचार-प्रसार के सम्बन्ध में आज विकास खण्ड धौलादेवी के दन्या बाजार रामलीला मैदान में न्यायपंचायत स्तरीय बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन क्षेत्रीय सासंद अजय टम्टा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस दौरान सासंद ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा जनहितैषी योजनाओं पर केंद्रित है। उन्होंने कहा कि यात्रा के लिए ग्रामीण क्षेत्र तथा शहरी क्षेत्र की योजनाएं चिन्हित की गई हैं, इनमें स्वस्थ भारत मिशन, खाद्य सुरक्षा, गुणवत्ता शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं, उचित पोषण, गरीबों के लिए आवास, वित्त पोषण सेवाओं और सामाजिक सुरक्षा से संबंधित योजनाएं शामिल हैं। योजनाओं की जानकारी और प्रचार-प्रसार के लिए प्रत्येक जिले में ग्राम पंचायत तक यात्रा रथ पहुच रहे हैं। उन्होंनें अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देश दिए की केंद्र व राज्य सरकार से जुड़ी जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रत्येक गांव तक पहुंचाने के साथ ही योजनाओं से वंचित लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाया जाना सुनिश्चित किया जाय। प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी से जरूरत मंदों की सभी प्रकार की बुनियादीसमस्याओं का त्वरित समाधान हो रहा है। पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, खाद्यन्न सहित अनेक प्रकार की समस्याओं का निराकरण अब घर बैठे होने लगा है। सासंद अजय टम्टा ने कहा कि इस विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान माननीय प्रधानमंत्री मोदी की





गारंटी वाला वाहन हर गांव, हर पंचायत में पहुंच रहा है जिसका मकसद विकसित भारत का निर्माण करना है। इस यात्रा का संकल्प २०४७ तक भारत को हर प्रकार से विकसित करना है। जिसके लिए प्रमुख विभागों द्वारा सभी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए मोदी की गारंटी के रूप में यह वाहन हमारे राज्य के कोने-कोने तक पहुंच रहा हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत राज्य में ६३ हजार से भी अधिक प्रतिभागियों को अभी तक इसमें योजनाओं का लाभ मिल चुका है। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के अंतर्गत उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, उज्ज्वला योजना, स्वास्थ्य विभाग, बैंक का वित्तीय संस्थान, उद्योग, पीएम विश्वकर्मा, जल जीवन मिशन, कृषि, आधार,खाद्य आपूर्ति, प्रधानमंत्री आवास योजना से वंचित लोगों को इस योजना अंतर्गत योजनाओं से संतृप्त करने का कार्य विकसित भारत संकल्प यात्रा कर रही है। उन्होंने कहा कि लगभग डेढ़ माह तक चलने वाली विकसित भारत संकल्प यात्राओं के जरिए गॉव-गॉव में विभागीय अधिकारी जाकर लोगों की समस्याओं का त्वरित निराकरण कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि जनपद अल्मोड़ा में तीन लाख अड़सठ हजार लोगों को फ्री में राशन मिलने लगा हैं ग्यारह हजार लोगों को सौभाग्य योजना से बिजली संयोजन दिया गया है। इसके अलावा एक लाख तीस हजार लोगों को जल जीवन मिशन योजना के तहत पेयजल संयोजन दिए गये हैं। उन्होंने बताया कि साठ हजार किसानों को पीएम किसान सम्मान योजना के अन्तर्गत लाभान्वित किया गया हैं। उन्होंने दन्यां में आधार अपडेशन शिविर चार दिनों तक लगातार लगाने के निर्देश कर्मचारियों को दिये। इस शिविर में कृषि, उद्यान, समाज कल्याण, बाल विकास, पेयजल विभाग,शिक्षा, पशुपालन, उद्योग, राजस्व, पर्यटन, उरेड़ा, डेयरी, स्वास्थ्य सहित सभी विभागों ने अपने विभाग से सम्बन्धित योजनाओं के स्टॉल लगाकर आम जनता को योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान समाज कल्याण विभाग द्वारा ०४ कान की मशीनें, १० लाठियॉ, ०१ बैसाखी वितरित किये गये। शिविर में २४ लोगों के दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाये गये। शिविर में समाज कल्याण विभाग से सम्बन्धित ४५, कृषि विभाग से सम्बन्धित २५०, विद्युत विभाग से सम्बन्धित ०७, पंचायती राज विभाग से सम्बन्धित ७५, ग्राम्य विकास से सम्बन्धित ३० पशुपालन विभाग से सम्बन्धित ६०, उद्यान विभाग से सम्बन्धित १५ शिकायतों का निस्तारण किया गया। इस दौरान ग्राम प्रधान संगठन के अध्यक्ष प्रताप गैड़ा, उप जिलाधिकारी भनोली के०एस० नगन्याल, परियोजना निदेशक पुष्पेन्द्र सिंह, जिला विकास अधिकारी सन्तोष कुमार पंत, प्रभारी चिकित्साधिकारी डा० बी०बी० जोशी सहित जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक किशन सिंह मेहता ने किया।

# दींक्षांत सामारोह की तैयारियों पर की चर्चा

नैनीताल(उद संवाददाता)। 18वें दीक्षांत सामारोह की तैयारियों में गत दिवस बैठक आयोजित की गयी जिसमें दिनांक 19 जनवरी,2024 शुक्रवार को होने वाले 18वें वार्षिक दीक्षांत सामारोह



में होने वाले कार्यक्रम पर चर्चा की गयी तथा विभिन्न 25 समितियों का गठन किया गया। प्रो. नीता बोरा शर्मा निदेशक डी०एस०बी०परिसर,नैनीताल की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में वन्देमातरम एवं राष्ट्रीय गान के लिए डॉ०गगन होठी को संयोजक, अतिथि आवास व्यवस्था समिति - प्रो०दिव्या उपाध्याय, अनुशासन व्यवस्था - कुलानुशासक प्रो०एच०सी०एस०बिष्ट, बैनर ,बेजेज एवं बुके समिति - डॉ०विजय कुमार, प्रो० संजय पंत भोजन व्यवस्था समिति, साज-सज्जा एवं पण्डाल समिति-प्रो० जीतराम, गाउन वितरण समिति-डॉ०शिवांगी चन्याल, स्थान व्यवस्था समिति -प्रो० एल० एस०लोधियाल, निमंत्रण पत्र प्रकाशन एवं वितरण समिति -प्रो०ललित तिवारी , विज्ञापन एवं प्रचार -प्रसार समिति- कुलसचिव दिनेश चन्द्रा ,गर्वनस गाउन एवं मेकअप समिति-प्रो०चित्रा पाण्डे, परिवहन व्यवस्था समिति-प्रो०पदम बिष्ट, फोटोग्रॉफी एवं विडियों एलबम समिति-डॉ०रितेश साह, वीआईपी गाउन व्यवस्था समिति-प्रोआरसी जोशी, गार्ड ऑफ ऑर्नर समिति-प्रोएचसी०एस ०बिष्ट, उपाधि समिति -परीक्षा नियंत्रक डॉ०महेन्द्र सिंह राणा,उपाधि जांच समिति- प्रो.चन्द्रकला रावत तथा शैक्षिक शोभायात्रा संचालन समिति के लिये समस्त संकाय अध्यक्ष को जिम्मेदारी सौपी गई है। बैठक में प्रो०जीतराम, प्रो० चन्द्र कला रावत, प्रो०ललित तिवारी, डॉ०विजय कुमार,डॉ०गगन होठी, सहायक लेखाधिकारी एसएस किरोला अभियंता अतुल कुमार, श्री सुरेश आर्या सहित कई शामिल रहें।

# करिजमेटिव के बच्चे बने चैंम्पियन

सितारगंज(उद संवाददाता)। करिजमेटिव अबेकस सितारगंज के विद्यार्थियों ने हल्द्वानी के लक्ष्मी गार्डन में हुए कॉग्निटों रीजनल अबेकस चौंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। बच्चों ने 8 मिनट में लगभग 200 प्रश्नों के उत्तर दिए। सुप्रिया कॉलोनी स्थित करिजमेटिव इंस्टिट्यूट में हुए सम्मान समारोह में विजयी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। कॉग्निटों सेकंड रीजनल अबेकस प्रतियोगिता में कुमाऊं मंडल में द्वितीय स्थान पर अंशुमान ठाकुर, वेदांश बंसल,




आदित्य यादव रनर अप, अनाइसा मिश्रा, अर्पन कौर, वारया ग्रोवर, अवनी नंदा मेरिट में रहे। अरनव नंदा, एशवी सिंह ने उत्कृष्ठ प्रदर्शन कर सांत्वना पुरुष्कार प्राप्त किये। द्वितीय रीजनल लेवल कंपटीशन में द्वितीय स्थान पर रहे अंशुमन ठाकुर और वेदान्श बंसल को कॉग्निटो द्वारा ग्यारह सौ- ग्यारह सौ रुपए का नगद पुरस्कार भी दिया गया। सभी विजयी प्रतिभागियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। अबेकस प्रशिक्षक नीशू तिवारी व किरन राना ने सभी विजयी प्रतिभागियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। कॉग्निटो सेंटर इंचार्ज राधा रस्तोगी ने बताया कि अबेकस क्लास विशेष रूप से 5 से 13 आयु वर्ग के बच्चों के लिए बनाई गई है । अबेकस कोर्स से बच्चों का आत्मविश्वास व याददाश्त बढ़ती है। बच्चों में गणित का डर हमेशा के लिए खत्म हो जाता है। बच्चों में कैलकुलेशन की क्षमता कैलकुलेटर से भी तेज हो जाती है। संस्थान के ललित रस्तोगी ने बताया कि प्रतियोगिता में 8 मिनट में बच्चो को गणित के 200 प्रश्नों के उत्तर लिखने होते हैं। इस अवसर पर निर्देशक आशीष पांडेय, आदेश ठाकुर, सोनाली रस्तोगी, सतेंद्र बंसल, संतोष सिंह, संदीप ग्रोवर, आशीष यादव, अनुराग मिश्रा, पारुल मिश्रा, मीनू बंसल, रूपा सिंह, ज्योति सिंह, प्रियंका ग्रोवर, अंजली यादव, रजनीश तिवारी, जितेंद्र ग्रोवर, पंकज नंदा, यशप्रीत सिंह, प्रिया नंदा, हीना बोरा, रिद्धि तिवारी, रंजना, निकिता जोशी, रविंद्र कौर, राधा श्रीवास्तव, किरन तिवारी, आदि उपस्थित रहे।






## पेज एक का शेष...

**हल्द्वानी में अतिक्रमण......**आगे किये गया कच्चे पक्के अतिक्रमण को जेसीबी मशीन से ध्वस्त कर दिया गया। साथ ही अतिक्रमण का सामान जब्त भी किया गया है। समाचार लिखे जाने तक अभियान जारी था। सिंधी चौराहे के चौडीकरण के प्रस्ताव के मुताबिक 12मीटर दोनों तरफ निशान लगाए गए हैं। नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय का कहना है कि चौड़ीकरण के प्रस्ताव के मुताबिक कार्य किया जा रहा है। पहले कच्चे अतिक्रमण को हटाया गया है और पक्के अतिक्रमण के लिए चन्हीकरण करते हुए तीन दिन का नोटिस दिया गया है अगर इस दौरान अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो उसे नगर निगम ध्वस्त कर देगा। साथ ही यदि कोई बिल्डिंग चौड़ीकरण की जद में आ रही है तो उसमें भी नोटिस देते हुए समय दिया जाएगा और कार्रवाई की जाएगी, इसके अलावा चौड़ीकरण अभियान के लिए जिन-जिन चौराहों को चिन्हित किया गया है वहां भी अतिक्रमण हटाओ अभियान शुरू किया जाएगा।

**रेशमबाड़ी में युवक.....**मामले को संदिग्ध बताते हुए कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। मृतक अभिषेक का बड़ा भाई रवि और छोटा भाई निखिल व बहन हंसी है। पिता टुक टुक चलाकर परिवार का भरण पोषण करते हैं।

1101 **बाईकों के साथ निकलेगी....**अरविंद पांडेय से वार्ता की ओर क्षेत्रीय विधायक अरविंद पांडे ने कहा कि 4 जनवरी को 1101 बाइको के साथ विशाल बाइक रैली निकालने का फैसला लिया। इस दौरान बैठक में चांकित हुडिया, रोहित सुदामा, सचिन बत्रा, राकेश भुड्डी,अनिल जेटली, संतोष गुप्ता संतोष श्रीवास्तव कुणाल आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# गन्ना किसानों का पहली किस्त का भुगतान करने पर जताया आभार

किच्छा(उद संवाददाता)। चीनी मिल के वर्तमान पेराई सत्र में 17 दिसंबर तक के गन्ना किसानों का पहली किस्त के रूप मे 8 करोड़ 48 लाख 43 हजार रुपये का भुगतान करने पर पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने प्रदेश के मुखिया पुष्कर सिंह धामी एवं गन्ना मंत्री सौरभ बहुगुणा का आभार व्यक्त किया। पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कहा कि प्रदेश की किसान हितैसी पुष्कर सिंह धामी सरकार एवं गन्ना मंत्री सौरभ बहुगुणा के अथक प्रयासों से ही किच्छा चीनी मिल में १२ करोड़ की लागत से आधुनिकीकरण करने के बाद ६ दिसंबर को चालू हुए वर्तमान पिराई सत्र के १७ दिसंबर तक के गन्ना मूल्य का किसानों को भुगतान कर सरकार ने साबित किया कि गन्ने की खेती नगद भुगतान की खेती है।



पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने वर्तमान क्षेत्रिय विधायक पर आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार पर अनदेखी का आरोप लगाते हुए चीनी मिल न चलने का आरोप लगाकर सुर्खियां बटोरने वाले विधायक बताएं कि यदि चीनी मिल नहीं चली तो सरकार ने ११ दिनों के गन्ना किसानों का भुगतान कैसे किया। किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ से सवाल करते हुए कहा कि वो बताएं कि जब भी उत्तराखंड में कांग्रेस की सरकार रही है क्या कभी मिल पराई सत्र के शुभारंभ के २० दिनों के अंदर ही गन्ना किसानों का भुगतान की है? जनप्रतिनिधि को सरकार के अच्छे कार्यों की तारीख भी करनी चाहिए। पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कहा कि गन्ना मंत्री सौरभ बहुगुणा के निर्देशन में प्रदेश की सारी चीनी मिलो का आधुनिकीकरण हुआ है जिसका लाभ गन्ना किसानों को मिल रहा है साथ ही सरकार तत्काल गन्ना किसानों का भुगतान कर विपक्ष के झूठे आरोपों को निराधार साबित किया है।

# मुकेश वर्मा बने रोडवेज इंप्लाइज यूनियन के प्रांतीय अध्यक्ष

देहादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड रोडवेज इंप्लाइज यूनियन की कार्यकारिणी ने बुधवार को सर्वसम्मति से मुकेश वर्मा को यूनियन का नया प्रांतीय अध्यक्ष चुना। निवर्तमान अध्यक्ष जगदीश बहुगुणा व वर्तमान महांमंत्री रविनंदन कुमार की उपस्थिति में नए अध्यक्ष का चुनाव किया गया। बुधवार को गांधी रोड स्थित मंडल कर्यालय में यूनियन के कक्ष में हुई बैठक में देहरादून, काठगोदाम व टनकपुर मंडल के पदाधिकारी शामिल हुए। महामंत्री रविनंदन कुमार ने बताया कि प्रांतीय अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभाल रहे जगदीश बहुगुणा की प्रोन्नति जूनियर फोरमेन के पद पर हो गई है। बैठक में सर्वसम्मति सं प्रांतीय अध्यक्ष का पदभार कुमाऊ मंडल के पदाधिकारी को देने का निर्णय लिया गया। इसी क्रम में काठगोदाम मंडल कार्यालय में कार्यरत मुकेश वर्मा को यूनियन का नया प्रांतीय अध्यक्ष चुना गया। बैठक में राज्य सरकार की ओर से निगम में मतृक आश्रितों को नियुक्ति देने के निर्णय पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का अभार भी जताया गया।

# राज्यपाल और सीएम ने किया पतंजलि का भ्रमण

देहरादून/हरिद्वार(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) और मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी बृहस्पतिवार को हरिद्वार भ्रमण के दौरान पतंजलि पहुंचे, जहां उन्होंने विभिन्न सम-सामयिक विषयों पर योग गुरु स्वामी रामदेव, आचार्य श्री बालकृष्ण तथा विभिन्न विद्वत्तजनों से विचार-विमर्श किया। पतंजलि परिसर पहुंचने पर राज्यपाल और मुख्यमंत्री का स्वागत पुष्पगुच्छ से किया गया। वहीं राज्यपाल और सीएम ने कई विषयों पर चर्चा कर राज्य के विकास में योगदान देने का आह्वान किया।


संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित

सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट में गरजे दिव्यांगजन

## दिव्यांग अधिकार अधिनियम लागू करने की मांग को लेकर दिव्यांग जनों ने निकाली रैली, सीएम को भेजा ज्ञापन

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। दिव्यांग अधिकार अधिनियम को तत्काल प्रभाव से उत्तराखंड में लागू करने के लिए सक्षम प्रांत इकाई उत्तराखंड के तत्वाधान में जिला ऊधम सिंह नगर में दिव्यांग जनों ने रैली निकाली एवं जिलाधिकारी के प्रतिनिधि एसडीएम गौरव पांडे ने ज्ञापन प्राप्त किया एवं उत्तराखंड मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को प्रेषित किए जाने की बात कही तथा जिला स्तर पर जिन समस्याओं का समाधान हो सकता है उन्हें तत्काल प्रभाव से निश्चित करने का विश्वास दिलाया। सक्षम सभा का आयोजन किया गया। दिव्यांग अधिकार अधिनियम लागू करो , सक्षम भारत समर्थ भारत, के नारों के साथ रैली सभा में परिवर्तित हुई। सभा का संचालन में महेश चंद्र पंत किया। श्री पंत सक्षम के विषय में बताया कि यह एक राष्ट्र स्तरीय सामाजिक संस्था है जो दिव्यांग सशक्तिकरण एवं पुनर्वास तथा उनके कल्याण हेतु कार्य कर रही है। भारत के लगभग ४०० जिलों में सक्षम की इकाइयां गठित है। उत्तराखंड के १० जिलों में सक्षम की इकाइयां गठित है जो सरकार के साथ दिव्यांगता की श्रेणी की मान्यता प्रदान की है। पूर्व में १४ प्रकार की शारीरिक व्याधियों को दिव्यांगता की मान्यता थी। इस अधिनियम के तहत दिव्यांगों के लिए वन नेशन वन कार्ड की तर्ज पर यूडी आईडी कार्ड बनाकर उन्हें केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ , इस एक ही कार्ड से उपलब्ध कराने का प्रावधान भी किया गया है। जानलेवा रक्त जनित बीमारियों जैसे थैलेसीमिया हीमोफीलिया सिकल सेल आदि को भी दिव्यांगता की श्रेणी में रखा गया है। दिव्यांग अधिकार आदि कई समस्याओं से दिव्यांगजन आज भी जूझ रहे हैं। सक्षम प्राणदा प्रकोष्ठ के प्रांत प्रमुख डॉ ललित मोहन उप्रेती , पूर्व निदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य उत्तराखंड ने विभिन्न प्रकार की दिव्यांगता के विषय में बताया उन्होंने सक्षम के माध्यम से दिव्यांगों के लिए हितों के लिए किया जा रहे निरंतर प्रयासों के बारे में जानकारियां उपलब्ध कारण। रक्त जनित दिव्यांगता प्रभावी बच्चों के प्रति अभिभावकों को सचेत रहने तथा निरंतर मॉनिटरिंग की बात भी कहीं। ७३ वर्षीय सीनियर सिटीजन केंद्र को उपलब्ध नहीं हुई है । यह रिक्शा एलिम्को संस्था कानपुर के माध्यम से उपलब्ध कराई जाती हैं। दश रैली में भाग लेने वाले कई दिव्यांगों ने अपने राशन कार्ड पेंशन दिव्यांग प्रमाण पत्र आदि समस्याओं के बारे में बताया। जिला अध्यक्ष सक्षम ने बताया कि स्पष्ट है सरकार भले ही दिव्यांगों के हितों में कई प्रकार की घोषणाएं कर रही है लेकिन उत्तराखंड सरकार के दिव्यांगों के लिए स्पष्ट नीति निर्धारण होने एवं दिव्यांग अधिकार अधिनियम २०१६ का कठोरता देहरादून में भवन अथवा भूमि निशुल्क कराई जाने, मानसिक रुग्णता ,सुनने बोलने में असमर्थ प्रणव दिव्यांग जनों के प्रमाणीकरण हेतु प्रत्येक जिले में संसाधन उपलब्ध कराना एवं उनके परिवहन की समुचित व्यवस्था करने, दिव्यांग जनो की पेंशन हेतु अभिभावकों के घ्४००० का मासिक आय प्रमाण पत्र की बाध्यता समाप्त करने, तहसील/ब्लाक के अधिकारी द्वारा वेरिफिकेशन अनिवार्य करने , २१ प्रकार की दिव्यांगता की विस्तृत जानकारी प्रारंभिक स्तर के शैक्षिक



प्रांत इकाई अध्यक्ष ललित पंत ने उत्तराखंड प्रांत के सभी जिलों में, दिव्यांग अधिकार अधिनियम २०१६ को तत्काल प्रभाव से लागू करने व दिव्यांगों की विभिन्न समस्याओं के निराकरण हेतु , २८ दिसंबर को जिला मुख्यालयों पर रैली आयोजन कर जिलाधिकारी को इस आशय का ज्ञापन प्रेषित करने का कार्यक्रम निर्धारित किया था। जिसके अनुपालन में जिला अध्यक्ष सक्षम , वरिष्ठ राज्य आंदोलनकारी, महेश चंद पंत के नेतृत्व में रैली का आयोजन किया। रैली में ऊधम सिंह नगर स्थित प्रांत, जिला व नगर इकाई के दायित्वधारियों ,कार्यकर्ताओं व दिव्यांग जनों ने भाग लिया। स्थानीय जिला विकास भवन के प्रवेश द्वार से जिलाधिकारी कार्यालय के समीप स्थित शहीद ऊधम सिंह जी की स्थापित मूर्ति तक रैली निकाली गई । वहां पर एक समन्वय स्थापित कर दिव्यांगों के प्रमाण पत्र, नकपक कार्ड, पेंशन, चिकित्सा सेवा , आवश्यक उपकरण दिलाने, कृत्रिम अंग उपलब्ध कराने, राशन कार्ड, समुचित चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराने एवं दिव्यांगों के लिए केंद्र व राज्य सरकार द्वारा दी विभिन्न सुविधाओं की जानकारियां आदि उपलब्ध कराने के लिए दिव्यांगों के हितों के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने बताया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने विभिन्न शारीरिक व्याधियों से ग्रसित विकलांगों को, दिव्यांग नाम का संबोधन देकर, उनको सम्मान व गौरवान्वित किए जाने की पहल की है। श्री मोदी सरकार ने दिव्यांग अधिकार अधिनियम २०१६ पारित किया है जिसमें दिव्यांगों को सरकारी सेवाओं में ४% आरक्षण का प्रावधान किया गया है एवं ७ प्रकार की अन्य शारीरिक व्याधियों को भी अधिनियम २०१६ को त्वरित लागू किए जाने के निर्देश भी राज्य सरकारों को दिए हैं। उत्तराखंड में भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन की सरकार होने के बावजूद दिव्यांगों को अधिनियम का लाभ नहीं मिल पा रहा है। पूर्व कैबिनेट मंत्री समाज कल्याण चंदन रामदास जी की आकस्मिक मृत्यु के बाद यह विभाग मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जी की देखरेख में है । इसके बावजूद भी दिव्यांग अधिकार अधिनियम का अनुपालन न होने पर कई सवाल उठना स्वाभाविक है? अधिनियम कप को उनकी श्रेणी के अनुसार सूचीबद्ध ना किया जाना ,दिव्यांगों की चिकित्सा सुविधा के पर्याप्त संसाधन न होने, आवश्यक उपकरण , पेंशन , रोजगार परक प्रशिक्षण का अभाव , उत्पीड़न शोषण अपेक्षित प्रशासनिक सहयोग ना मिल पाना ८०% दिव्यांग सुधीर वासन ने बताया कि स्थानीय गांधी खड़ी आश्रम रुद्रपुर में उनके आवासीय व व्यावसायिक प्लॉट पर उनका ही दबंग बेटा दिवाकर वासन बाहुबलियों के साथ मिलकर उनकी संपत्ति पर गिद्ध दृष्टि लगाए हुए हैं और उसे पर नाजायज कब्जा करने का कु-प्रयास कर रहा है। उन्हें अपने प्लॉट पर जाने से जबरन रोका जा रहा है । उन्हें जान से मारने की धमकियां दी जा रही है । कई बार उन पर हमला भी किया गया है ।उन्होंने स्थानीय प्रशासन को अपनी जान माल की सुरक्षा की मांग की । ८०% से अधिक वरिष्ठ दिव्यांगों ने बैटरी से संचालित होने वाली तिपहिया रिक्शा उपलब्ध करने की गुहार लगाई। जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के नोडल अधिकारी सतीश चौहान ने बताया की विगत दो वर्षों से बैटरी संचालित रिक्शा से अनुपालन न होने के कारण उत्तराखंड में दिव्यांगजन उपेक्षित व अपने आप को ठगा महसूस कर रहे हैं। नि:शक्त जन आयुक्त कार्यालय सफेद हाथी सिद्ध हो रहा है। सर्वोच्च न्यायालय में एक रिट याचिका पर न्यायालय ने भी दिव्यांग अधिकार अधिनियम-२०१६ का कई राज्यों में अनुपालन न होने पर चिंता व्यक्त करते हुए राज्य सरकारों को इस विषय में वस्तु स्थिति स्पष्ट करने के निर्देश भी दिए हैं। उत्तराखंड में दिव्यांग अधिकार अधिनियम को तत्काल प्रभाव से लागू करने एवं दिव्यांग जनों के हितार्थ अलग से दिव्यांग विभाग का गठन , अन्य राज्यों की भांति उत्तराखंड में दिव्यांगों की मानसिक पेंशन घ्३१०० प्रतिमाह किये जाने ,सक्षम उत्तराखंड प्रांतीय कार्यालय एवं दिव्यांगजन विश्राम गृह हेतु राजधानी पाठ्यक्रम में अनिवार्य रूप से सम्मिलित किए जाने, भारत सरकार की भांति राज्य के दिव्यांगजन आयुक्त कार्यालय को सक्रिय करते हुए उनके निर्णय का संकलन सुरक्षित रखना संबंधी, अन्य मांगे भी ज्ञापन में सम्मिलित थी। रैली में हरीश पंत सचिव जिला सक्षम , डॉक्टर ललित मोहन उप्रेती प्रांत प्रमुख प्रकोष्ठ , सतीश चौहान धीमहि प्रांत प्रकोष्ठ , मीनाक्षी चौहान सह- दृष्टि बाधित प्रकोष्ठ , उमा जोशी जिला कोषाध्यक्ष , आशा मुंजल नगर उपाध्यक्ष , नरेंद्र सिंह नगर अध्यक्ष रुद्रपु ,सुधीर वासन नगर सचिव , हरजीत कौर ,गोविंद वल्लभ भ्रृ , सोनू रस्तोगी ,ओमप्रकाश प्रजापति , ख्याली राम ,लक्ष्मण , ओम प्रकाश शर्मा , लीलावती ,गोविंद , चंद्रिका ,ओमप्रकाश, वी एम आचार्य प्रमिताअंशु , विमल सक्सेना आदि ने शामिल थे।

